दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



चलो एक कप कॉफी हो जाए .....

ओल्ड एज में बढ़ता है अल्जाइमर का रिस्क...

वर्ष : 09 | अंक : 286 | लखनऊ, 21 सितम्बर, गुरूवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

चुनाव के बाद जनगणना और परिसीमन पूरा होते ही महिला आरक्षण से संबंधित कानून लागू होगा: गृह मंत्री अमित शाह

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जनगणना और परिसीमन की कार्वाई पूरी की जाएगी और लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण से संबंधित कानून बहुत जल्द आकार लेगा।

महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण से संबंधित संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 पर निचले सदन में चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए शाह ने विपक्षी कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर परोक्ष निशाना भी साधा और कहा, कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक एजेंडा हो सकता है, राजनीतिक मुद्दा हो सकता है, चुनाव जीतने का हथियार हो सकता है, लेकिन मेरी पार्टी और मेरे नेता नरेन्द्र मोदी के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं है, मान्यता का सवाल है, कार्य संस्कृति का सवाल है।

देश में जनगणना होने और परिसीमन होने के बाद महिला आरक्षण से जुड़ा कानून लागू होने की स्थिति में इसे मूर्त रूप लेने में कई साल लग जाने संबंधी विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं पर गृह मंत्री ने कहा कि परिसीमन आयोग अर्द्धन्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है जिसके प्रमुख उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं और इसमें चुनाव आयोग के प्रतिनिधि और सभी दलों के एक-एक सदस्य होते हैं।

उन्होंने कहा कि यह आयोग हर राज्य में जाकर पारदर्शी तरीके से नीति निर्धारण करता है और इसके पीछे केवल और केवल पारदर्शिता का ही सवाल है।

शाह ने तत्काल नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने के राहुल गांधी समेत अनेक विपक्षी सदस्यों के सुझाव पर कहा कि देश में महिलाओं के लिए आरक्षित होने वाली एक तिहाई सीटें कौन तय करेगा? उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि अगर वायनाड (राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र) में ऐसा हो गया तो क्या होगा, अगर हैदराबाद सीट महिला के लिए आरक्षित कर दी जाए तो एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी नाराज हो जाएंगे।

गृह मंत्री ने राहुल का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि कोई एनजीओ उन्हें चिट बनाकर दे देता है, उसे यहां पढ़ दिया जाता है। राजनीति के लिए लोग भाषण करते रहे, लेकिन मन से कल्याण करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन अन्य ओबीसी वर्ग से होने की बात कही। उन्होंने कहा, उनकी समझ वही जानें। लेकिन देश सचिव नहीं चलाते, सरकार चलाती है। शाह ने कहा कि इस सरकार में 29 मंत्री ओबीसी समुदाय के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 85 सांसद (29 प्रतिशत) ओबीसी के, देश में पार्टी के 1358 में से 27 प्रतिशत विधायक ओबीसी के और 40 प्रतिशत विधान परिषद सदस्य इस वर्ग से हैं। ओबीसी का राग अलापने वालों को मैं कहना चाहता हूं कि आपकी पार्टियों ने कभी ओबीसी को प्रधानमंत्री नहीं बनाया, भाजपा ने बनाया। उन्होंने कहा कि पहले भी चार बार महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के प्रयास हो चुके हैं, लेकिन कुछ कारणों से वे आगे नहीं बढ़ सके। उन्होंने कहा, क्या प्रयास अधूरे थे, क्या मंशा नहीं थी? मैं उसके कारणों में नहीं जाना चाहता और किसी पर दोषारोपण नहीं करना चाहता।

महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी के लिए कोटा हो, जातीय जनगणना भी कराई जाए: राहुल गांधी

महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी के लिए कोटा हो, जातीय जनगणना भी कराई जाए: राहुल गांधी ने महिला आरक्षण से संबंधित ऐतिहासिक विधेयक का बुधवार को लोकसभा में समर्थन किया लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इसमें अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए क्योंकि इसके बिना यह विधेयक अधूरा है।

उन्होंने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाले संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पर निचले सदन में चर्चा में भाग लेते हुए सरकार से यह आग्रह भी किया कि तत्काल जातीय जनगणना कराई जाए और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय हुई जातीय जनगणना के आंकड़े जारी किए जाएं।

महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पर राज्यसभा में आज होगी चर्चा

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाले संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पर बृहस्पतिवार को राज्यसभा में चर्चा होगी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद यह तय किया गया कि संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पर बृहस्पतिवार को यहां चर्चा होगी। लोकसभा में विधेयक के पारित होने के बाद इसे उच्च सदन में चर्चा एवं पारित किए जाने के लिए पेश किया जाएगा। इस विधेयक पर चर्चा के लिए साढ़े सात घंटे का समय तय किया गया है।

खास ख़बर

अत्यधिक सावधानी बरतें : कनाडा में रहने वाले भारतीयों को विदेश मंत्रालय की सलाह

■ **नई दिल्ली।** कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से समर्थित घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपने नागरिकों और वहां की यात्रा पर विचार कर रहे देश के लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने का परामर्श जारी किया है। जून में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में गिरावट के बीच विदेश मंत्रालय (एमईए) की तरफ से यह परामर्श आया है। भारत ने मंगलवार को आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया।

पीएम की जनसभा में पंडाल की जिम्मेदारी महिला कार्यकर्ताओं को

■ **जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 सितंबर को जयपुर के दादिया में परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करेंगे और इसमें पंडाल की व्यवस्था पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को दी जाएगी। पार्टी के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि प्रधानमंत्री 25 सितंबर को ग्राम दादिया में परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करेंगे।उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी है। प्रधानमंत्री मोदी जयपुर के पास धानक्या में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संग्रहालय जाएंगे और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद सभा स्थल पर पहुंचेंगे।

मुंबई में जीएसबी सेवा मंडल के गणेश पंडाल पहुंचे भागवत, पूजा अर्चना की

■ **मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को मुंबई में गौड़ सारस्वत ब्राह्मण (जीएसबी) सेवा मंडल के प्रसिद्ध गणेश पंडाल पहुंचे और पूजा अर्चना की।भागवत ने मंडल के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मध्य मुंबई में किंग्स सर्कल के पास पंडाल में भगवान की पूजा की।जीएसबी की गणेश मूर्ति को कई किलोग्राम सोने के आभूषणों, चांदी के साथ-साथ अन्य कीमती वस्तुओं से सजाया गया है।

भगवान गणेश की इस मूर्ति के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। दस दिवसीय गणेश उत्सव 19 सितंबर से शुरू हुआ है। जानेमाने क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भी इस गणेश पंडाल में पहुंचे और पूजा-अर्चना की। भागवत ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुणे के प्रसिद्ध दगडूशेठ गणपति पंडाल में विशेष पूजा की थी।

पांच आतंकियों पर इनाम घोषित

एनआईए ने खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई तेज की

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ अपनी कार्वाई तेज करते हुए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा सहित प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के पांच सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को नकद इनाम दिए जाने की घोषणा की। संघीय एजेंसी ने रिंदा और लांडा प्रत्एक के लिए 10 लाख रुपए के इनाम और परमिंदर सिंह खैरा उर्फ पट्टू, सतनाम सिंह उर्फ सतबीर सिंह और यादविंदर सिंह उर्फ यद्दा पर पांच लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि ए पांच आतंकवादी भारत की शांति व सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और पंजाब में आतंक फैलाने के उद्देश्य से बीकेआई की आतंकवादी गतिविधियों को लेकर दर्ज एक मामले में वांछित हैं। यह मामला इस साल की शुरुआत में दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि वांछित आतंकवादियों पर पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी के माध्यम से और व्यापारियों व अन्य प्रमुख व्यक्तियों से बड़े पैमाने पर जबरन वसूली के जरिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बीकेआई के लिए धन जुटाने के अलावा आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है।

पहला सी-295 विमान वडोदरा में उतरा

नई दिल्ली। पहला सी-295 मध्यम सामरिक परिवहन विमान बुधवार को वडोदरा में उतरा। कुछ दिन पहले ही स्पेन के दक्षिणी शहर सिवेले में इसे भारतीय वायु सेना को सौंपा गया था। विमान को 25 सितंबर को दिल्ली के पास हिंडन में एक समारोह में आधिकारिक तौर पर वायुसेना में शामिल किया जाएगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 13 सितंबर को पहले सी295 विमान को प्राप्त किया था।

भारतीय वायु सेना के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से सरकार ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के साथ दो साल पहले 21,935 करोड़ रुपए में 56 सी295 परिवहन विमानों को खरीदने का सौदा किया था। ए विमान पुराने होते एवरो--748 बेड़े का स्थान लेंगे। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 25 सितंबर 2023 को एएफ स्टेशन हिंडन में एक औपचारिक समारोह में विमान को वायुसेना को सौंपेंगे।

गुजरात के बड़े बांधों में ताजा बारिश के कारण जलस्तर बढ़ा

अहमदाबाद। गुजरात के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से बारिश के कारण जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया है और राज्यभर के 207 बड़े बांधों में संचित जल का स्तर बढ़कर 93.44 फीसद पर पहुंच गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन 207 बड़े बांधों में से सरदार सरोवर बांध नर्मदा नदी पर बना है जिसे राज्य की जीवनरेखा माना जाता है। गुजरात सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सरदार सरोवर बांध में फिलहाल 3.33 लाख मिलियन घन फुट पानी है जो कि इसकी कुल भंडारण क्षमता का 99.73 फीसद है। 54 बांध शत प्रतिशत भर गए हैं जबकि सरदार सरोवर बांध समेत 90 बांधों में जल की मात्रा उनकी भंडारण क्षमता के मुकाबले 70 से 100 फीसदी तक है। 29 बांध 50 से 70 फीसदी तक और 23 बांध 25 से 50 फीसदी तक भर गए हैं।

स्मृति ईरानी ने सोनिया पर साधा परोक्ष निशाना

कहा- अपना विधेयक कहकर श्रेय लेने की होड़

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण विधेयक को अपना विधेयक बताने के कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के दावे पर परोक्ष निशाना साधते हुए बुधवार को लोकसभा में कहा कि कुछ लोग इस विधेयक को अपना बताकर श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ईरानी ने महिला आरक्षण से संबंधित संविधान (128वां संशोधन) विधेयक 2023 पर निचले सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि विपक्ष देशवासियों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।उन्होंने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष का नाम लिए बिना कहा कि सदन में कहा गया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने 2010 में विधेयक पेश किया था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, सफलता के कई रहनुमा होते हैं, लेकिन विफलता का कोई नाम लेने वाला नहीं होता है। इसलिए जब विधेयक लाया गया, तो कुछ लोगों ने इसे अपना विधेयक बताया।

ईरानी ने कहा, कुछ लोग कह रहे हैं कि ए विधेयक हमारा है। कुछ लोग कह रहे हैं कि हमारी चिट्ठी की वजह से विधेयक आया है। पंद्रह साल तक आरक्षण मोदी की गारंटी है। क्रेडिट लेने बहुत लोग आ जाते हैं। ईरानी ने कहा कि 1974 में भारतीय जनसंघ ने महिला आरक्षण की बात की थी। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के महिला आरक्षण विधेयक की तुलना मौजूदा विधेयक से करते हुए कहा कि मोदी सरकार का विधेयक काफी मजबूत है। ईरानी ने मुस्लिम महिलाओं को भी आरक्षण दिए जाने की मांग करने वाले विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के जो सदस्य मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की मांग कर रहे हैं, उन्हें मालूम होना चाहिए कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण वर्जित है। उन्होंने कहा, वह (सोनिया) कहती हैं कि प्रस्तावित कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। उनकी (विपक्ष) तो आदत है संविधान का गला घोंटने की। हम संविधान को महज एक किताब नहीं बल्कि पवित्र ग्रंथ मानते हैं। क्या विपक्ष हमसे संविधान के विपरीत काम करवाना चाहता है?

केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर हम संविधान की गरिमा के नजरिए से देखें तो इस (महिला आरक्षण) विधेयक के जरिए (देवी) लक्ष्मी ने संवैधानिक रूप ले लिया है।

जाति जनगणना करा कर एससी, एसटी के साथ ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था हो: सोनिया गांधी

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को लोकसभा में नारीशक्ति वंदन विधेयक का समर्थन किया और सरकार से यह आग्रह किया कि जाति आधारित जनगणना करा कर विधेयक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के साथ ही अन्य ओबीसी की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के प्रावधान वाले संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पर निचले सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि कानून बनने के साथ इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए क्योंकि इसे लागू करने में देरी भारत की महिलाओं के साथ घोर नाइंसाफी होगी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने में अपने पति और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के योगदान को याद किया और कहा कि इस महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से उनके दिवंगत पति का अधूरा सपना पूरा होगा।

आदित्य मिशन अंतरिक्ष में ऊर्जा कणों पर स्टेप्स की मदद से जुटा रहा जानकारी

कोलकाता। भारत के सूर्य मिशन आदित्य एल1 ने एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के पश्चात लैग्रेंज बिंदु-। की ओर अपनी यात्रा शुरू करने के बाद अंतरिक्ष में सौर हवा में ऊर्जा कणों का अध्ययन करना शुरू कर दिया है, और यह अपनी शेष कार्य अवधि के दौरान भी इस काम को जारी रखेगा। सौर पवन और सूर्य से आवेशित कणों के निरंतर प्रवाह का अध्ययन सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (स्टेप्स) नामक उपकरण की मदद से किया जाएगा।

कनाडा के उप सेनाध्यक्ष अगले हफ्ते सैन्य संगोष्ठी में हिस्सा लेने भारत आएंगे

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली

कनाडा और भारत के बीच हालिया राजनयिक विवाद का असर कनाडा की सेना के साथ संबंधों पर नहीं पड़ेगा और वह अगले सप्ताह हिंद-प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों की दिल्ली में होने वाली बैठक में हिस्सा लेगी। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

भारतीय सेना 26 और 27 सितंबर को इस संगोष्ठी की मेजबानी कर रही है जिसका उद्देश्य चीन की इलाके में बढ़ती सैन्य आक्रामकता की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए साझा रणनीति बनाना है।अधिकारियों ने बताया कि आयोजन में 22 देशों से 15 सेना प्रमुख और प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेंगे।

हिंद-प्रशांत सेनाध्यक्ष सम्मेलन (आईपीएसीसी) में कनाडा के उप सेना प्रमुख मेजर जनरल पीटर स्कॉट के शामिल होने का कार्यक्रम है। थलसेना मुख्यालय में रणनीतिक योजना के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल अभिन्य राय ने पूर्वालोकन में कहा, इसका असर नहीं पड़ेगा। कनाडा के सेना प्रमुख यहां आ रहे हैं, उनका प्रतिनिधिमंडल यहां आ रहा है। उन्होंने कहा, जब हम अपने कुछ पड़ोसी देशों के साथ ऐसे संबंधों को देखते हैं...जहां पर गतिरोध बने रहने की आशंका होती है, वहां प्रत्एक स्तर पर संपर्क बना रहता है, फिर चाहे सैन्य स्तर पर हो या राजनयिक स्तर पर और मैं यहां प्रत्यक्ष रूप से चीन का संदर्भ दे रहा हूं।

मंजूरी

विधेयक के पक्ष में 454 वोट पड़े और विरोध में 2 वोट पड़े।

लोकसभा ने महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दी

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली

लोकसभा ने बुधवार को नारीशक्ति वंदन विधेयक को मंजूरी दे दी जिसमें संसद के निचले सदन और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। इससे संबंधित संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक, 2023 पर निचले सदन में करीब आठ घंटे की चर्चा और विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के जवाब के बाद मत विभाजन के जरिए इसे स्वीकृति दी गई। विधेयक के पक्ष में 454 वोट पड़े और विरोध में 2 वोट पड़े। विधेयक पारित किए जाने के दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद थे। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विधेयक पर चर्चा की शुरुआत की। राहुल गांधी, गृह मंत्री अमित शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी समेत कुल 60 सदस्यों ने इस विधेयक पर चर्चा में भाग लिया। इनमें 27 महिला सदस्य शामिल हैं। मेघवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने इस बार ऐसी व्यवस्था की है कि महिलाओं को इस बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने तकनीकी मुद्दों पर कहा, आप (विपक्ष) चाहते हैं कि यह विधेयक तकनीकी कारणों से फंस जाए, लेकिन हम इस बार इसे फंसने नहीं देंगे। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस विधेयक इसलिए नहीं ला सकी क्योंकि उनकी न नीति थी, न नीयत थी और न नेतृत्व। उन्होंने कहा, हमारे पास नीति भी है, नीयत भी और मोदी जी जैसा नेतृत्व भी। नारीशक्ति वंदन विधेयक के कानून बन जाने के बाद 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मौजूदा 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी। राज्य विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जाएंगी। मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि विधेयक में फिलहाल 15 साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है और संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया था कि महिलाओं की आरक्षित सीट में भी अनुसूचित जाताअनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण होगा।

कुमारस्वामी भाजपा नेतृत्व से मिलने आज दिल्ली का दौरा करेंगे

कर्नाटक / नई दिल्ली

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कर्नाटक में संभावित गठबंधन पर चर्चा करने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने के लिए 21 सितंबर को नई दिल्ली जाएंगे। कुमारस्वामी ने जद (एस) और भाजपा के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत संबंधी मीडिया रिपोर्ट को महज अटकलें करार दिया और कहा कि अभी तक इस संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कर्नाटक में सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा कि चर्चा इसी पर केंद्रित होगी।कुमारस्वामी ने सुबह संवाददाताओं से कहा, मैं सुबह दिल्ली जा रहा हूं। मैं कल केंद्र सरकार (भाजपा) के आलाकमान से मुलाकात करूंगा। बाद में दिन में कुमारस्वामी ने पत्रकारों से कहा, कल एक बैठक है। बैठक में चर्चा के बाद इसका नतीजा सामने आएगा। सभी मीडिया रिपोर्ट महज अटकलें हैं। सीट बंटवारे या अन्य चीजों को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

जरा हट के... बग्गा

संक्षेप

नाबालिक किशोरी को भागा ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बिजनौर इलाके के एक व्यक्ति ने यहीं के मकऊ खेड़ा निवासी पंकज के खिलाफ 16 वषीर्या किशोरी को अगवा कर ले जाने के साथ ही विरोध करने पर किशोरी की बड़ी बहन से गाली गलौज और मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़ित का कहना है कि पंकज उसकी 16 वर्षीय बेटी को अपनी बाइक से भाग ले गया। जब किशोरी की बड़ी बहन ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने उससे गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट भी की।फिलहाल बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पंकज के अलावा किशोरी की भी तलाश कर रही है।

पति से झगड़े के बाद पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ,हुयी मौत

नगराम- समेसी गांव में सुखराम रावत अपनी रामकुमारी उर्फ सुखराना व दो मासूम बेटो शिवकुमार व शुभम व दिव्यांग बहन नन्कई के साथ रहता है। बुद्ववार की सुबह पति सुखराम का पत्नी रामकुमारी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया,जिसके बाद नाराज पत्नी घर में रखा जहरीला पदार्थ खाने के बाद शौच के लिये लिये बाहर चली गयी,जब लौटी तो उसकी तबीयत बिगड़ गयी,जिसके बाद पति आनन-फानन पत्नी रामकुमारी को गम्भीर हालत में रिक्शे से नगराम सीएचसी लेकर पहुंचे जहां मौजूद डाक्टर ने हालत गम्भीर देख पत्नी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया,एम्बुलेंस से लखनऊ ले जाते समय रामकुमारी की रास्ते में मौत हो गयी।मृतका की मां दुलारा की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ?लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।अतिरिक्त इंस्पेक्टर ब्रजेन्द्र कुमार ने बताया मायके पक्ष ने अभी तक किसी भी तरह का कोई आरोप नही लगाया है,पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

एयरटेल टावर से चोरी सामान के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस ने बुद्ववार को दो शातिर चोरो को गिरफ्तार कर खुजौली गांव में स्थित एयरटेल टावर से चोरी बीटीएस/आर एफ पावर केबिल व 10अदद लोहे के पाइप के टुकड़े बरामद कियें।पुलिस ने गिरफ्तार शातिर चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज अजय कुमार चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ दो शातिर चोरो को गिरफ्तार कर खुजौली में स्थित एयरेटल टावर में हुयी चोरी की घटना का खुलासा किया.दबोचे गये चोरो ने पुछताछ में अपना नाम प्रदीप रावत व करन रावत निवासीगण खुजौली बताया।

सिसेंडी में डाक विभाग ने मेले का किया आयोजन

मोहनलालगंज।डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम(डीसीडीपी) के अन्तर्गत मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव में स्थित डाकघर में बुद्ववार को मेले का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि पूर्वी मंडल के सहायक अधीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने मेले का शुभारम्भ करते हुये मौके पर मौजूद ग्रामीणो को डाक विभाग की योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया।उन्होने ग्राम पंचायत स्तर पर डाकघर द्वारा दी जाने वाली मेल, वित्तीय, बीमा(पीएलआई/आरपीएलआई), जनसुरक्षा, आधार, सीएससी सेवा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक जन जागरूकता फैलाएं जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।मेले मे डाकघर बचत योजना के 357 खाते खोले गए, सुकन्या योजना के 96 खाते खोले गए जबकि पैतिस लाख रुपए का बीमा किया गया व 48 लोगो ने अपने आधार कार्ड भी बनवाए।इस मौके पर प्रधान संघ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिहं, ब्रम्हदत्त विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार शुक्ला,प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,सतीश मिश्रा, दीप कुमार मिश्रा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

आरडीएसजे कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मलिहाबाद क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संगठन आरडीएसजे ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सौजन्य से विगत दिवस लखनऊ हरदोई राजमार्ग स्थित परिसर पर आईपी फाउंडेशन की संस्थापक ट्रस्टी डॉ० स्मिता मिश्रा की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग तथा हीरो मोटर कॉर्प के संयुक्त तत्वाधान में आरडीएसजे कॉलेज के लगभग ढाई सौ छात्रों सहित आसपास के ग्रामीण अंचल से आए तमाम सम्मानित नागरिकों को यातायात नियमों के परिप्रेक्ष्य में प्रभावी ढंग से चेतना जागृत करते हुए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के संस्थापक पूर्व सदस्य ,लोक सेवा आयोग ,उत्तर प्रदेश ,चंद्रमणि सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मोनिका सिंह द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया गया। स्वास्थ्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नही हो सकी संगठन की चेयरपर्सन डॉ मालती सिंह द्वारा प्रेषित शुभ कामना संदेश को डॉ मोनिका सिंह द्वारा वाचन के बाद वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ० स्मिता मिश्रा ने बताया कि आई. पी. फाउंडेशन अस्तित्व में आने के बाद से ही जीवन परक शिक्षा व्यवस्था, सबके लिए स्वास्थ्य, कुपोषण से मुक्ति, गरीबी उन्मूलन के लिए जरूरी कौशल विकास जैसी कई योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।इसके साथ ही देश में प्रतिदिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूलों तथा कॉलेज में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देकर, उन्हें जागरूक और सुरक्षित रखने का अभियान वर्ष 2008 से अब तक अनवरत जारी है ।इस अभियान के तहत अब तक संस्था द्वारा हजारों छात्रों को जागरूक किया जा चुका है। कार्यक्रम में यातायात विभाग के प्रतिनिधि के रूप में पधारे टी सी आई रवींद्र तिवारी ने यातायात नियमों को सरल ढंग से समझाते हुए उपयोगी यातायात चिन्हों को पहचान कराते हुए सुगम एवं सुरक्षित यात्रा संपन्न करने के लिए जरूरी टिप्स दिए। हीरो मोटर्स कार्प के प्रतिनिधि सुमित मिश्रा द्वारा यातायात नियमों के पालन से निरापद एवं सुरक्षित यात्रा सम्पन करने के बारे में प्रभावी जानकारी दी गई।यातायात नियमों को अपनाकर प्रभावी जीवन सुरक्षा के परिप्रेक्ष में कार्यक्रम में पधारे उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व उप महानिरीक्षक हर नारायण सिंह प्रदेश के पूर्व प्रमुख वन संरक्षक डॉ कमलेश कुमार पाण्डेय इलाहाबाद यूनिवर्सिटी एलुमिनी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी नवीन चंद्रा ने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को जागरूक किया। आई पी फाउंडेशन की ओर से डॉ.स्मिता मिश्रा तथा कॉलेज प्रबंधन की ओर से प्रिंसिपल डॉ० मोनिका सिंह एवं निदेशक आलोक सिंह द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये आर.डी.एस.जे. कॉलेज प्रबंधन के कार्मिकों द्वारा बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने के साथ ही आई. पी. फाउंडेशन के कर्मी राहुल दुबे तथा सुरेन्द्र कुमार यादव का सराहनीय सहयोग रहा ।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी की गयी एकत्रित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मेंरी माटी-मेरा देश अभियान के जरिए भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को धार देती नजर आ रही है। मेरी माटी- मेरा देश अभियान को भाजपा संगठन के नेता लगातार जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान कर रहे हैं।माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आह्वान पर मेरी माटी-मेरा देश के तहत एक मुट्ठी पवित्र मिट्टी व अक्षत अमृत कलश में प्राप्त की गयी है। प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. अखिलेश सिंह अंजू ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक विद्यालय सहित गावं में ग्रामीणों को बताया कि इस मिट्टी का उपयोग हमारे वीर बहादुरों के सम्मान में दिल्ली में शहीद स्मारक के साथ अमृत वाटिका बनाने के लिए भी किया जाएगा। प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. ने गांव के प्रत्येक दरवाजे पर रुक रुक कर मिट्टी संग्रह किया। वहीं प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्रों ने स्कूल की मिट्टी दी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

नगवा नाले पर पुल बनाकर लगा दिया गेट, जाँच करने पहुँचे अधिकारी

बन्थरा के प्राचीन नगवा नाले पर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा पुल बनाकर गेट लगा दिये जाने का मामला

अमन लेखनी समाचार

बंथरा।प्राचीन नगवा नाले पर एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा पुल बनाकर गेट लगाने के मामले की जांच बुधवार को तहसील प्रशासन की टीम द्वारा की गई। नायब तहसीलदार अविनाश रावत के नेतृत्व में टीम ने मौका मुआयना किया और कुछ किसानों से भी बातचीत की। हालांकि टीम ने अभी अधिकारियों को इसकी जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है।बता दे कि दादूपुर गांव निवासी किसान बलराम सिंह चौहान ने कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री के पोर्टल आईजीआरएस के अलावा और भी कई जगह शिकायत की थी कि उनके राजस्व गांव खांडेदेव और दादूपुर में प्राचीन नगवा नाले पर एक प्रॉपर्टी डीलर ने पुल बना लिया है और गेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया। जिसके चलते किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के अलावा आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस शिकायत के संज्ञान में आने के बाद एसडीम सरोजनी नगर द्वारा टीम का गठन किया गया। बुधवार को नायब तहसीलदार अविनाश रावत के नेतृत्व वाली टीम मौके की जांच के लिए पहुंची थी। नायब तहसीलदार अविनाश रावत के मुताबिक जांच के बाद संबंधित से नाले पर पुल बनाने को लेकर दस्तावेज मांगे गए हैं ।

किसान को बंधक बनाकर मासूम बेटे की गर्दन पर चाकू रखकर घर में की लूटपाट

अमन लेखनी समाचार

नगराम- बहरौली मजरा हयातनगर निवासी किसान केदारनाथ यादव ने बताया मगंलवार को पत्नी रिंकी छोटे बेटे अहम को लेकर अपने मायके लोनीकटरा जनपद बाराबंकी चली गयी थी,घर पर वो ओर मासूम बेटा सनी था,रात को खाना खाने के बाद बेटे सनी के साथ बरामदे में सो गया,देर रात 12:20 बजे के करीब तीन बदमाश दीवार फांदकर घर में घुसे ओर कमरे में जाकर अंदर रखे बक्सो को खंगालने लगे,इस दौरान खटपट की आवाज सुनकर उसकी नींद खुल गयी,तभी दो बदमाश कमरे से बाहर आकर उसे जबरन पकड़कर हाथ पैर बांधकर व मुंह दबाकर जेवरात व पैसो के बारे में पुछने लगे,जब उसने कहा जेवरात नही तो बदमाशो ने चाकू की बेट से माथे पर वार कर दिया ओर ना बताने पर मारने की धमकी दी,लेकिन जब उसने कुछ नही बताया तो बदमाशो ने सो रहे मासूम बेटे सनी की गर्दन पर चाकू रख दी ओर ना बताने पर जान से मारने की धमकी दी तो वो डर गया जिसके बाद उसने घर के कमरे में जाकर बदमाशो को जमीन में गढे जेवरातो के बारे में बताया तो जमीन खोदकर उसमें गॉढ के रखे गये ढाई लाख के सोने-चांदी के जेवरात व कमरे में टंगी ब्लेजर में पड़े छःरुपए लूटने के बाद बंधी हालत में कमरे में किसान को बंदकर भाग निकलें।जिसके बाद पीड़ित किसान ने अंदर से दरवाजा पीटना चालू किया तो नींद से जागे मासूम बेटे सनी ने बाहरी दरवाजा खोलकर पड़ोस में रहने वाले चाचा रामविलास को जगाया,जिसके बाद बाहर से बंद दरवाजा खोलकर रामविलास ने भाई केदारनाथ को बंधन से मुक्त किया,तब जाकर उसने अपने साथ हुयी घटना की आपबीती बताई पीड़ित किसान ने कन्ट्रोल रूम पर फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी।जिसके बाद अतिरिक्त इंस्पेक्टर ब्रजेन्द्र कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल, एडीसीपी शंशाक सिहं व एसीपी नितिन सिहं ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।डीसीपी ने अतिरिक्त इंस्पेक्टर को टीमें लगाकर घटना के खुलासे के निर्देश दियें।एसीपी नितिन सिहं ने बताया पीड़ित किसान की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस समेत पुलिस की तीन टीमो को घटना के खुलासे के लिये लगाया गया है,जल्द ही पूरी घटना का अनावरण किया जायेगा।

सिसेंडी में डाक विभाग ने मेले का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम(डीसीडीपी) के अन्तर्गत मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव में स्थित डाकघर में बुद्ववार को मेले का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि पूर्वी मंडल के सहायक अधीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने मेले का शुभारम्भ करते हुये मौके पर मौजूद ग्रामीणो को डाक विभाग की योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया।उन्होने ग्राम पंचायत स्तर पर डाकघर द्वारा दी जाने वाली मेल, वित्तीय, बीमा (पीएलआई/ आरपीएलआई), जनसुरक्षा, आधार, सीएससी सेवा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक जन जागरूकता फैलाएं जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। मेले मे डाकघर बचत योजना के 357 खाते खोले गए, सुकन्या योजना के 96 खाते खोले गए जबकि पैतिस लाख रुपए का बीमा किया गया व 48 लोगो ने अपने आधार कार्ड भी बनवाए।इस मौके पर प्रधान संघ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिहं, ब्रम्हदत्त विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार शुक्ला,प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,सतीश मिश्रा, दीप कुमार मिश्रा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

यूपी में अब तक 66.59 लाख से अधिक घरौनियां हुईं तैयार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ब्यूरो। उत्तर प्रदेश में पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनियों को बनाने और वितरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। यूपी में अब तक 66 लाख से ज्यादा घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। प्रदेश के 90 हजार से अधिक गांवों के लिए घरौनियां तैयार कराई जा रही हैं ।, जिनमें से 47 हजार से अधिक गांवों की घरौनियों को बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। घरौनियाँ बनाने में जनपद ललितपुर अव्वल रहा है। मुख्यमंत्री ने दिसंबर तक हर हाल में घरौनी बनाने के कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य संबंधित अधिकारियों को दिया है।

हर महीने दो लाख घरौनी बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वयं मॉनीटरिंग की वजह से उत्तर प्रदेश में घरौनी बनाने के कार्य में तेजी आ गई है। हर माह दो लाख घरौनी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष बीते 45 दिनों में 4,31,794 लाख से अधिक घरौनियां बनाई गई हैं, जो 144 प्रतिशत तेज गति से लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में ड्रोन सर्वे के आधार पर 90,908 गांवों के लिए घरौनी बनाने का कार्य चल रहा है। अब तक 47,893 गांवों के लिए घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। 24 अप्रैल से 15 सितंबर तक 11,44,936 लाख घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। 24 अप्रैल 2020 को इस योजना की शुरूआत होने से लेकर 15 सितंबर 2023 तक उत्तर प्रदेश में 66,59,905 लाख घरौनियां बनाने का कार्य पूरा हो चुका है।

स्वामित्व योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों में ललितपुर सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसके बाद कासगंज, मुरादाबाद, जालौन और संभल टॉप 5 जिलों में शामिल है। इन सभी जिलों में लक्ष्य के सापेक्ष 99 फीसदी से ज्यादा कार्य हुआ है। प्रदेश के सबसे खराब जनपदों में हरदोई बॉटम 5 में सबसे ऊपर है। इसके बाद प्रयागराज, लखनऊ, कुशीनगर और गोंडा जनपद भी सबसे खराब परफॉर्मेंस वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन सभी जिलों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

ऐसी है पीएम स्वामित्व योजना

पीएम स्वामित्व योजना के तहत गांव के उन लोगों को अपने घर की जमीन का मालिकाना हक दिया जाता है, जो किसी भी सरकारी आंकड़े में दर्ज नहीं है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी ऐसे लोग हैं, जिनकी घर की जमीन किसी भी सरकारी आंकड़ों में दर्ज नहीं है। जिससे उनकी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा कब्जा होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके अलावा, इस जमीन पर लोन भी नहीं मिल पाता है। इसी समस्या को देखते हुए 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया था। इससे संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने और बैंक ऋणों को आसान बनाने, संपत्ति विवादों को कम करने सहित व्यापक ग्राम स्तरीय योजना शामिल हैं। इसके अलावा यह पंचायतों के सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को और बढ़ाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे। योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग, अल्पसंख्यक, महिला और अन्य कमजोर समूहों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को शामिल किया गया है।

घर से नाराज होकर निकली किशोरी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो युवको ने किया गैगरेंप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज-लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नौ दिन पहले भाई-बहनो से झगड़े के बाद घर से नाराज होकर निकली किशोरी को बहला फुसलाकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक निजी फैक्ट्री के मजदूर ने अपने साथ ले जाकर साथी संग मिलकर कई दिनो तक किशोरी का गैगरेंप किया,होश में आने पर पीड़ित किशोरी ने आस-पास के लोगो से मदद मांगकर बीते शनिवार को अपने घर पर सूचना दी,जिसके बाद मां की सूचना पर फैक्ट्री पहुंची पुलिस ने किशोरी को मुक्त कराया। मां का आरोप है पीड़ित बेटी के मिलने उसने पुलिस को आरोपियों पर कार्यवाही के लिये तहरीर दी तो चार दिनो तक टहलाती रही,बुद्ववार को सोशल मीडिया पर पूरा मामला वायरल होने बाद पुलिस ने आनन-फानन तहरीर लेकर दो आरोपियों पर गैगरेंप,पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी नागेश को गिरफ्तार कर फरार दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गयी है।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर की पत्नी ने बताया उसकी 17वर्षीय बेटी अपने भाई-बहन से झगड़ा करने के बाद 11सितम्बर को घर से चली गयी थी,काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का कुछ भी पता ना चलने पर 12सितम्बर को थाने पर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर बिना मुकदमा दर्ज किये उसे चलता कर दिया था.16सितम्बर को एक मोबाइल से फोन आया ओर उसने बेटी के गोपालखेड़ा की एक फैक्ट्री में होने की बात कही तो उसने पुलिस को सूचना दी.जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बेटी को आरोपियो ? के चंगुल से मुक्त कराया।जिसके बाद पीड़ित बेटी ने बताया घर से निकलने के बाद वो नाराज होकर एक जगह बैठी थी तो चालक नागेश निवासी समाधा थाना असोहा,जनपद उन्नाव उसके पास आया ओर फैक्ट्री में नौकरी दिलाने की बात कहते हुये अपने दोस्त मो०शरीफ निवासी लालपुर दसंवतपुर थाना करौता जनपद बाराबंकी के मोहनलालगंज के गोपालखेड़ा स्थित एक निजी फैक्ट्री के कमरे पर ले गया ,जहां उसके साथ नागेश व मो० शरीफ ने कई दिनो तक गैगरेंप किया।होश में आने पर उसने आस-पास के लोगो से मदद मांगी तो उन्होने फोन कर मां को सूचना दी इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित किशोरी की मां के द्वारा दी गयी तहरीर पर दो आरोपियों पर गैगरेंप व पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी नागेश को गिरफ्तार कर फरार दूसरे आरोपी मो०शरीफ की तलाश जारी है।

महिला आरक्षण बिल का रालोद ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने महिलाओं को संसद और राज्यसभा में 33 फीसदी आरक्षण देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय लोकदल चाहता है कि इस आरक्षण का लाभ 2024 के लोकसभा चुनाव तथा 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनाव में ही देश की जनता को मिले। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी ने सन-1977 में ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने की वकालत की थी और कहा था कि महिलाओं को संसद और राज्यसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलना चाहिए। श्री दुबे ने कहा कि केन्द्र सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देने के प्रस्ताव के लिए ही 10 वर्ष लगा दिये और 2024 का लोकसभा चुनाव आते ही उन्होंने इसे यह प्रस्ताव लाने का निर्णय केवल चुनाव के लाभ के लिए किया है अगर इनकी मंशा साफ है तो महिलाओं को आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में इस आरक्षण का लाभ दें। उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित व ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं को भी मिले इस बात का ध्यान इस आरक्षण में रखा जाना चाहिए क्योंकि इन वर्गो की सामाजिक संरचना और पिछड़ेपन को देखते हुए जो अभी भी पिछड़े हैं उस स्वरूप को ध्यान में रखने की जरूरत है।

अवैध कब्जा दारों पर चला प्रशासन का हंटर, कब्जा मुक्त करायी गई सरकारी जमीन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय की अध्यक्षता में तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम समाज की लाखों रुपये की कीमत की सरकारी जमीन अवैध कब्जे से करीब 12 विस्वा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। खाली करायी गयी जमीन पर झंडी लगाने का कार्य किया गया। अभियान के तहत तहसील प्रशासन की टीम बुधवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अंटा खेड़ा पहुंची। यहां पर ग्राम पंचायत की जमीन पैमाइश की गई। और कब्जेदारों के चुंगल से प्रशासन ने सरकारी जमीन को तत्काल कब्जे में लेते हुए वहां झंडी लगाने का काम किया। प्रशासनिक अमले ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया। प्रशासनिक कार्रवाई से कब्जाधारियों में हड़कंप मचा रहा। मलिहाबाद एसडीएम मीनाक्षी पांडेय का कहना है कि क्षेत्र में जहां-जहां भी सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। उन सभी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा और भू माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार इंद्रेश शुक्ल, क्षेत्रीय लेखपाल श्रृंखला मिश्रा सहित राजस्व व पुलिस टीम मौजूद रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

अमन लेखनी समाचार

निगोहां- रामपुर गढ़ी गांव स्थित घर से बीते मगंलवार को टिकरा जाने की बात कहकर निकला युवक सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हो गया।काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता ना चलने पर भाई ने पुलिस से शिकायत कर लापता भाई को खोजने की गुहार लगाई है। निगोहां के रामपुर गढ़ी जमुनी निवासी खालिक ने बताया उनका छोटा भाई जाबिर(30वर्ष) मंगलवार की सुबह टिकरा गांव जाने की बात कहकर अपनी बाइक से निकला था लेकिन देर शाम तक वापस नही लौटा,काफी खोजबीन के बाद भी लापता भाई का कुछ भी पता नही चल सका।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया पीड़ित भाई की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी गयी है।

संक्षेप

गणपति बप्पा के जयघोसो से गूँजा पंडाल

उन्नाव। जनपद सहित समूचे क्षेत्र में आज गणेश महोत्सव की शुरूआत बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ प्रारम्भ हुआ। आचार्य धीरेंद्र द्विवेदी द्वारा वैदिक मन्त्र उच्चारण के साथ गजानन की स्थापना करावा कर प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम सिकन्दरपुर सरोसी में राम जानकी माता मंदिर में सार्वजनिक कार्यक्रम में 5वी बार गणेश महोत्सव का शुभारम्भ हुआ जिसमें आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण कर गणेश प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करवा कर नगर में दूसरी बार गणेश जी की स्थापना करवाई जिसमे ग्राम वासियों में प्रमुख रूप से अमर अवस्थी देवी शंकर पटेल ,रमाकांत, राहुल, संजय मिश्रा, हरिशंकर पटेल,उमाकांत आदि ने गजानन का भव्य दरबार सजाकर मूर्ति स्थापना की। शाम होते ही भजन कीर्तन सुनने व पूजन करने को लेकर पांडालों में भीड़ एकत्रित होने लगी।गणेश महोत्सव में प्रति दिन भजन कीर्तन व आरती कर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विघ्नहर्ता गणेश की महिमा का बखान किया जाएगा व 25 सितंबर को सुबह दस बजे मूर्ति विषर्जन की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आत्महत्या के दुष्प्रेरण के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

उन्नाव। एसपी के आदेश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में थाना सोहरामऊ पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बता दे की 1 जुलाई को थाना सोहरामऊ पर पंजीकृत मुकदमे में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सूरज पाल 30 पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम उमर्रा मजरा सहरावां थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव को ग्राम सहरावां से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर जन सेवा केंद्र पर सुविधा शुल्क 200 रुपिया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अंतर्गत एक बैंक मे खाता खुलवाने के लिए जाना पडता है सहज जनसेवा केंद्र, जहां पर विना सुविधा शुल्क के नहीं खुलता है खाता, महीनों गुजर जाने के बावजूद भी खाता नहीं खुलने से से ग्राहक परेसान हैं।फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा ऊगू स्थिति पंजाब नेशनल बैक मे खाता खुलवाने के नाम पर दिखावा हो रहा है, जहाँ ग्राहकों जन सेवा केन्द्र भेज दिया जाता है। जहाँ सुविधा शुल्क दो सौ रुपये लिया जा रहा है। एक किशोर ने बैंक मे खाता खुलवाने की प्रक्रिया की जो हप्ते भर से खाता नहीं खुला जिसको सहज जनसेवा भेजा सरवर न आने की बात कहकर चलता कर दिया किसी कारणों से ग्राहकों के खाते से आधार डिलीट हो गये जिसको बैक ने दुबारा जमा कराये जिसमें दूरदराज से आने वाले ग्राहक पास से सहज जनसेवा केन्द्र से पैसा निकाल लेते थे लेकिन महीनों से सुस्त बैक का कार्य अभी तक आधार सम्मिट नहीं कर पाये जिससे ग्राहको को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

लूट का खुलासा न होने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने एसपी को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीती14 तारीख को गदनखेड़ा बाईपास स्थित माँ गायत्री इंटरप्राइजेज के मालिक सुशील कुमार जायसवाल के साथ दुकान से चंद कदम की दूरी पर बाइक सवार लुटेरों ने सवा दो लाख रुपए व जरूरी कागजात से भरा बैग छीनकर कानपुर की ओर फरार हो गए, पीड़ित ने मौके पर खड़ी डायल 112 से मदद मांगी तो पीड़ित को पुलिस ने किसी भी तरह की मदद करने से इंकार कर दिया था, पीड़ित ने फोन के माध्यम से उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के शहर अध्यक्ष अमित मिश्रा को पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया जिसपर अध्यक्ष अमित मिश्रा ने ललऊखेड़ा चौकी में जाकर घटना की शिकायत पीड़ित के साथ करी घटना स्थल पर चौकी इंचार्ज समेत शहर कोतवाल, एस ओ जी, सीओ सिटी, थाना दही घटना स्थल पर जांच करने पहुंचे सूचना होने पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा भी पहुंचे पीड़ित सुशील कुमार जायसवाल से घटना की जानकारी ली और मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करवाने के लिए आदेश किया घटना स्थल के आस पर लगे कैमरो में पुलिस को किसी भी तरह का कोई सुराग नहीं मिला, घटना को हुए आज से एक हफ्ता पूरा हो चूका है पुलिस की पकड़ से दूर हैं लूटेरे, मामले में किसी तरह की ठोस करवाई न होने की वजह से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल से शहर अध्यक्ष अमित मिश्रा ने पीड़ित सुशील कुमार जायसवाल से मुलाकात के लिए लखनऊ आवास पहुंचे जहाँ अमित मिश्रा व पीड़ित सुशील कुमार जायसवाल ने प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल को घटना की पूरी जानकारी दी उन्होंने तत्काल एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीणा से फोन पर बात करी और मामले का खुलासा जल्द से जल्द करने को कहाँ, पीड़ित लगातार पुलिस पर भरोसा लगाए बैठा है सवा दो लाख रुपय व लाखो की लिखपढ़ी के लिखें रजिस्टर न मिलने से सुशील परेशान है संगठन के शहर अध्यक्ष अमित मिश्रा, शहर महामंत्री विनय गुप्ता, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष अमित निगम, उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, सदस्य आशुतोष बाजपेयी ने एसपी उन्नाव को ज्ञापन सौंपा है जिसमे उन्होंने मांग करी है की घटना का जल्द से जल्द खुलासा कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई की जाये।

भगवद्गीता के पांचवे दिन कन्हैया के बाल रूप का चला प्रसंग

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर प्रथम में चल रही भगवद्गीता के चौथे दिन के प्रसंग में भगवद्गीता कर रहे मथुरा से आये हुए रवि शंकर महाराज जी ने बताया कृष्ण के जन्म होने के बाद कंश ने कन्हैया को मरने के लिए न जाने कितने राक्षस और राक्षसी को भेजा, अकासुर बकासुर, अघासुर,पूतना तृणावर्त आदि,पूतना कन्हैया को मारने के लिए अपने स्तनों पर जहर लगा कर गोकुल में आई तो बड़ा ही सुन्दर रूप बनाकर मैया यशोदा से मिली और मीठी मीठी बातें करके मैया से कन्हैया को ले लिया और यशोदा मैया के सामने कन्हैया को दुलार करने लगी और मौका पाकर कन्हैया को आकाश मार्ग से कंस के पास ले जाने लगी और कन्हैया को स्तनपान कराने लगी ,महाराज जी ने बताया स्तनपान करते समय कन्हैया ने अपनी आंखों को बंद कर लिया था ,आंखों को बंद करने के महाराज जी ने बहुत से कारण बताए ,महाराज जी ने कहा कन्हैया ने आंखें बंद करके भोले बाबा का ध्यान किया की बाबा आप आ जाओ और जहर जहर आप पी जाओ और हम दुग्धपान कर ले,दूसरा कारण बताया कि कन्हैया उन लोगो को देखते ही नही जो लोग परमात्मा के पास चेहरा बदल कर स्वरूप बनाकर आते हैं।कन्हैया ने पूतना का स्तनपान कर के उसके प्राणों को हर लिया और उसे मां की गति प्रदान की ।तृणावर्त राक्षस जो की बवंडर का रूप धारण करके गोकुल में आया आया कन्हैया ने उसका भी वध किया।महाराज जी ने बताया कि जब भी कोई संतान जन्म ले तो उसका नाम किसी विद्वान आचार्य गुरु जी से ही रखवाना चाहिए,पर आजकल लोग गुरु जी से नही गूगल से नाम पूछकर रखते हैं ।यदि आचार्य से नाम पूछेंगे तो वो घड़ी मुहूर्त नक्षत्र आदि को देखकर नाम रखेंगे वह नाम जातक के जीवन के लिए अनुकूल रहेगा और उसका भविष्य उज्ज्वल ही होगा।

महाराज जी ने बताया कि कृष्ण और बलराम जी का नामकरण संस्कार 1 वर्ष पूर्ण होने के बाद गगार्चार्य जी के माध्यम से हुआ, कन्हैया थोड़े बड़े हुए माखन चोरी की लीला करते हुए गोपियों को खूब तंग किया ,कन्हैया की शिकायत ले कर नित्य गोपियां मां यशोदा के पास आए और कन्हैया उन्ही को उनकी बातों में उलझा दे।महाराज जी ने बताया कन्हैया जब 7 वर्ष के हुए तब एक दिन उन्होंने इंद्र की पूजा को हटा कर नंदबाबा से गोवर्धन महाराज की पूजा करने को कहा नंदबाबा ने कन्हैया की बात मानी और गोवर्धन महाराज छप्पन भोग लगा कर उनकी पूजा की तब इन्द्र ने क्रोधित होकर गोकुल में बारिश की तब कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली पर धारण किया और सभी गोकुल वासियों की रक्षा की ।मां कालिका के दरबार में बड़ी ही धूम धाम से गोवर्धन महाराज की पूजा हुई और सभी भक्तो ने कन्हैया के नाम का खूब आनद लूटा। इस अवसर पर जजमान राम नारायण बाजपेयी, योगेंद्र सिंह,श्री नाथ यादव,जितेंद्र सिंह,गुड्डू शुक्ला,नरेंद्र सिंह,सूधून बाजपेयी,नंदू तिवारी,संभू रतन शुक्ला,सिद्धनाथ बाजपेयी,सुनील यादव सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

रोजगार मेले में बेरोजगार युवक युवतियों का विधायक ने किया उत्साहवर्धन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू में स्थित निरंजन सिंह महाविद्यालय में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया।आयोजित रोजगार मेले में क्षेत्रीय विधायक श्री कांत कटियार ने पहुँचकर बेरोजगार युवक-युवतियों का उत्साहवर्धन किया।रोजगार मेले में बिग बास्केट, यशस्वी ग्रुप तथा इंश्योरेंस देखो आदि कंपनियों ने भाग लिया।रोजगार मेले में तीन सौ नब्बे का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें एक सौ तिरासी युवक युवतियों को ऑनलाइन तथा एक सौ साठ को आफलाइन चयन किया गया।इस प्रकार लगभग तीन सौ से अधिक युवाओं को रोजगार मिला।विधायक श्री कांत कटियार ने कहा ऐसे मेले का आयोजन युवाओं को सशक्त बनाने में अभूतपूर्व कदम साबित होंगे।उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर रोजगार मेले के जरिए सरकारी नौकरी में चयनित युवक-युवतियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित कर रहे हैं। आज इस महाविद्यालय में प्राइवेट सेक्टर में बिग बास्केट,यशस्वी ग्रुप,इंसयोरेन्स आदि कंपनियों की तरफ से रोजगार मेला लगाया है जो सराहनीय है।

विधि विधान से गणेश महोत्सव मनाया गया



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कस्बे सहित समूचे क्षेत्र में गणेश महोत्सव की शुरूआत बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ प्रारम्भ हो गई आचार्य द्वारा वैदिक मन्त्र उच्चारण के साथ गजानन की स्थापना करावा कर प्रसाद वितरण किया गयाविकास खंड पुरवा क्षेत्र के बैगांव में दसवां गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है देवा तेरी जय हो समिति के ब्रज मोहन सिंह यादव अरुण कुमार शिव कुमार गुप्ता उमेश गुप्ता अरविंद गुप्ता मनमोहन सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य मुन्ना गुप्ता अंकित सिंह मोहित गौड़ पूर्व प्रधान गंगा विशुन यादव आदि लोगो ने गजानन का भव्य दरबार सजाकर मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना की। शाम होते ही भजन कीर्तन सुनने व पूजन करने को लेकर पांडालों में भीड़ एकत्रित होने लगी।गणेश महोत्सव में प्रति दिन भजन कीर्तन व आरती कर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विघ्नहर्ता गणेश की महिमा का बखान किया जाएगा।

तालाब के किनारे मगरमच्छ देख ग्रामीण हुए भयभीत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली के गंगा कटरी क्षेत्र के जमालनगर एहतमाली गांव के मजरे लोनारी में गंगा नदी से सटी कोली झील है।बुधवार को रोज की भांति ऊडनपुरवा व शेरपुर के ग्रामीण मवेशी चराने गए थे।दोपहर को अचानक एक भारी भरकम मगरमच्छ तालाब के किनारे आ गया जिसे देख ग्रामीण डर के मारे चीख पड़े और शोर मचाते हुए भाग खड़े हुए।मगरमच्छ निकलने के जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो वह एकजुट होकर तालाब पर गए।तबतक मगरमच्छ तालाब में तैरता हुआ चला गया।सूचना पर उप प्रभागीय निदेशक संतोष कुमार,वन अधिकारी नीरज कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में एक 12 सदस्यीय वन कर्मियों की टीम राजस्व लेखपाल सचेन्द्र कुमार के साथ मौके पर पहुंच झील में मगरमच्छ की तलाश शुरू कर दी।

घटिया सीमेंट को कूट कर ब्रांडेड कंपनी की बोरी में भरते चार युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। खराब सीमेंट की कुटाई कर ब्रांडेड कंपनियो की बोरी में भरते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को छापेमारी कर पकड़ लिया।मौके से चैंपियन, प्रिज्म आदि कंपनियों की 59 बोरी सहित भारी मात्रा में बुरादा मिला।सभी आरोपियों को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है।एक आरोपी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकला,

मोहान चौकी क्षेत्र के आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन के किनारे अलीयारपुर गांव निवासी भईयालाल के मकान में मुखबिर की सूचना पर मोहान चौकी प्रभारी राजेश दीक्षित,अपने हमराही सिपाही के साथ मंगलवार की रात छापेमारी की। जहां पर बोरी में सीमेंट भरते हुए गौरव पुत्र शिशुपाल सलेमपुर पतौरा थाना पारा जिला लखनऊ, सौरभ यादव पुत्र महेश निवासी अकड़िया थाना इटौंजा, परमेश्वर पुत्र रोहन पासी हाजीपुर तरेहा कोतवाली हसनगंज , बबलू पुत्र लाला निवाशी गोसा लालपुर मलिहाबाद अपने अन्य साथियों के साथ जमी खराब , भीगी सीमेंट, की कुटाई कर चैंपियन, प्रिज्म आदि ब्रांडेड कंपनियों की बोरी में भर रहे थे।पुलिस ने मौके पर 59 बोरी , भरने वाली चीप, सहित अन्य अलग-अलग कंपनियों की भरी हुई बोरी बरामद की पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि लखनऊ ,कानपुर ,फैजाबाद ,आदि जगहों से खराब,जमी सीमेंट, की बोरियां लाकर यहां कुटाई कर अलग-अलग कंपनियों की बोरी में भरकर दुकानों में बेच देते थे। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मौके पर चार आरोपियों को पकड़ा गया है एक आरोपी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकला है।सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहा से जेल भेज दिया गया है।

सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास भवन स्थित सभागार में प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पिछले किसान दिवस में जनपद के किसानों की प्राप्त समस्याओं के निस्तारण व कृत कार्यवाही की जानकारी किसानों को दी गयी तथा इस किसान दिवस में आयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण को लेकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों की समस्याओं के निस्तारण तथा कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है इसलिए अधिकारी गण किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें। किसान दिवस में ज्यादातर शिकायतें अन्ना गौवंश, भूमि-विवाद, चकबंदी, खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा, पुलिस विभाग आदि से संबंधित रहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसान बन्धु जनपद में अन्न की खेती का क्षेत्रफल बढ़ाएं और अन्न के सह उत्पाद के रूप में रेडी टू ईट उत्पाद भी तैयार करे, ताकि आय दो गुनी हो सके। अन्ना गौवंश की समस्या को लेकर सीडीओ ने कहा कि किसान बन्धु गायों का कृत्रिम गभार्धान तथा इंश्योरेंस कराएं। जनपद में कृत्रिम गभार्धान की सुविधा मात्र 100 रू0 में उपलब्ध है, जिसके द्वारा 97 प्रतिशत तक बछिया पैदा होने सम्भावना रहती है। किसान बन्धु पशुपालन विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री सेवा 1962 पर कॉल करके घर बैठे इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने खरीफ फसलों की खरीद के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस सत्र में धान की खरीद के साथ मक्का, ज्वार एवं बाजरा की खरीद भी की जाएगी। सरकार द्वारा धान का रू0 2163, ज्वार का रू0 3180, बाजरा का रू0 2500 एवं मक्का का रू0 2090 प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। ज्वार, बाजरा एवं मक्का की 01 अक्टूबर तथा धान की 01 नवम्बर से 38 केन्द्रों पर खरीद की जाएगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसान बन्धु अपनी फसल के विक्रय हेतु खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर अभी से पंजीकरण करा लें और उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु अपनी फसल को सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेचें। इस अवसर पर किसान बन्धुओं को कृषि से संबद्ध अन्य विभागों द्वारा भी विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

किसान दिवस में उप निदेशक कृषि डा0 मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल पाण्डेय, डीपीआरओ निरीश साहू, विपणन, पूर्ति, मण्डी समिति, सिंचाई विभाग, बिजली विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी/कर्मचारी गण आदि उपस्थिति रहे।

गर्भवती का एम्बुलेंस में प्रसव, दर्द से कराहती रही, नहीं आया जिला अस्पताल का स्टाफ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एंबुलेंस में ही प्रसव होने पर परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ नर्स को सूचना दी। लेकिन 30 मिनट बाद भी वहां कोई नहीं पहुंचा। प्रसूता एंबुलेंस में तड़पती रही। परिजनों के हंगामा करने पर प्रसूता को लेबर रूम में शिफ्ट किया गया। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद महिला सीएमएस ने टीम गठित कर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। शुक्लागंज के परमसुख खेड़ा की रीता को बीती शाम प्रसव पीड़ा हुई। आशा की सूचना पर एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। पति अरुण के अनुसार अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रसव शुरू हो गया था। बच्चे का आधा शरीर बाहर आ गया था। आशा और स्टाफ ने लेबर रूम के डॉक्टर और स्टाफ नर्स को सूचना दी। आरोप है कि 30 मिनट तक कोई कर्मी नहीं पहुंचा। इस बीच दर्द से छटपटाती रीता का बुरा हाल हो गया। परिजनों ने जब हंगामा किया, तब उसे वार्ड में शिफ्ट किया गया।

इलाज कराकर वापस घर जा रहे युवक की अचानक मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के राधागंज बाजार में इलाज कराकर वापस आ रहे एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

रायबरेली जनपद के खीरो थाना क्षेत्र के चढौली गाँव के रहने वाले कृष्ण कुमार (उम्र 60 वर्ष) अपनी पत्नी दुलारी देवी के साथ भगवंतनगर के पास कही इलाज करवाने हेतु गया था। वहां से वापस होकर वह अपनी पत्नी के साथ अपने गाँव चढौली जा रहा था। राधागंज बाजार में एकाएक उसकी तबियत फिर खराब हो गयी। उसके खून की उल्टियां होने लगी। पत्नी अपने पति की दशा देखकर घबड़ा गयी जब तक वह डॉक्टर के पास लेकर जाती पति ने दम तोड़ दिया। पत्नी पति का सर गोद मे रखकर तड़प रही थी जिसने भी यह दृश्य देखा उसकी आंखें नम हो गयी। मौत की खबर जैसे ही उसके गांव पहुँची कोहराम मच गया।

सरकार के अग्रिम निर्देश तक पीएम आवास के लिए आवेदन मत करे आनलाइन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका में जो प्रधानमंत्री के आवास के लिए आवेदन ऑनलाइन कराए जा रहे थे जिसकी सूचना अधिशासी अधिकारी को हुई तो अधिकारी अधिशासी ने तुरंत बंद कर दिया और कहा कि सरकार द्वारा जब तक अग्रिम निर्देश नहीं आयेगा तब तक आवेदन प्रधानमंत्री आवास के लिए नहीं किए जाएंगे किसी को गुमराह करके लाभार्थी द्वारा आवेदन न कराया जाये अभी किसी प्रकार का कोई आवेदन नहीं मांगा जा रहा है जब आवेदन मांगा जाएगा तो नगर पालिका परिषद द्वारा एलाउंसमेंट कराया जाएगा तब आवेदन करना चाहिए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव द्वारा यह बताया गया की जो जो लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन कर रहे थे नगर पालिका में वह गलत है वह आवेदन बंद कर दिए गए जब तक सरकार द्वारा कोई अग्रिम निर्देश नहीं आएगा तब तक कोई आवेदन नहीं लिया जाएगा कुछ लोग गुमराह करके लाभार्थियों को आवेदन करवा रहे थे उनके रूपए खर्च करा रहे थे जब सरकार का अग्रिम निर्देश आएगा तब नगर पालिका परिषद द्वारा एलाउंसमेंट करवाया जाएगा तब आप सभी लोग नगर वासी लाभार्थी आवेदन करें ताकि पीएम आवास का आप लोगों को लाभ मिल सके इस तरीके के आवेदन से आप लोगों का फर्जी पैसा खर्च हो रहा है या कराया जा रहा है यह सब गलत है जब आवेदन मांगा जाएगा तब आप लोगों को खुद ही पता चल जाएगा क्योंकि नगर पालिका द्वारा अनाउंसमेंट कराया जाएगा तब आप लोग अपना-अपना आवेदन पत्र आवेदन करें किसी के भ्रामक में न फंसे फर्जी लाभार्थी अपना रूपया न खर्चा करें।

रोजगार मेले का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रीति चन्द्रा ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय उन्नाव द्वारा माह सितम्बर 2023 में रोजगार मेला आज कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 द्वारा सेल्स मार्केट, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आर्युवेदिक प्रा0लि0,द्वारा जिला,ब्लाक तथा क्लस्टर हेड डाबर आयुर्वेदिक इन्टरप्राइजेज द्वारा सुपरवाइजर स्टोर कीपर पशुपतिनाथ बायोटेक्नॉजी प्रा0लि0 द्वारा सुरक्षा एस0आर0डीएसएम पीपल ट्री, प्रा0लि0 द्वारा अपरेटर इंटास बायोटेक हेल्थकेयर प्रा0लि0 द्वारा मैनेजर एम0आर फील्ड हाईटेक इम्प्लाई मैनेजमेंट सर्विस द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर, सुपर वाइजर टेली कालिंग, पदों हेतु कुल 473 प्रतिभागियों का साक्षात्कार कर कुल 176 प्रतिभागियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया है पीपल ट्री, प्रा0लि0 के एच0आर0 एवं जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया तथा प्रतिभागी नियोजकों का आभार व्यक्त किया गया।

बंदरो के आतंक से ग्रामीण भयभीत कई ग्रामीण हो चुके घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। बरूआघाट गांव में बंदरों ने आतंक मचा रखा है, जिससे परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि बाहर से पकड़कर लाये जाने वाले बंदरों को गांव के नजदीक दबौली मार्ग पर छोड़ दिया जाता है जो बंदर गांव में आ जाते हैं और नुकसान करते हैं। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के बरुवाघाट गांव निवासी गंगा प्रसाद पुत्र ठाकुर 70 वर्ष बंदरो ने हमला कर घायल कर दिया जिनकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।खूंखार बंदरों ने दो लोगों पर और हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बंदर एक सप्ताह में बरुवाघाट क्षेत्र में सैकड़ों को घायल कर चुके ग्रामीणों ने बताया की लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर चुके हैं। बरुवाघाट और आसपास के गांवों में हर शख्स बंदरों से खौफजदा है। बच्चे डंडे लेकर स्कूल जा रहे हैं। बंदरों के डर से गांव में दुकान, दरवाजे पर लोग डंडे लेकर बैठ रहे हैं। बंदर हमला कर जंगल की तरफ भाग जाते हैं।

चिंतन

संसद चलेगी, तभी कोई अपनी बात रख सकेगा

संसद नहीं चलने देने से किसी का भला नहीं होगा। संसद चलेगी, तभी विपक्ष भी अपनी बात रख सकेगा। हाल के वर्षों में संसद ठप करना एक ट्रेंड बन गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले भाजपा विपक्ष में थी तो संसद में व्यवधान पैदा करती थी, अब कांग्रेस समेत अनेक दल विपक्ष में हैं तो वो संसद नहीं चलने दे रहे हैं। हंगामा, नारेबाजी, शोरगुल, हूटिंग, नहीं बोलने देना आदि संसद में सांसदों के कृत्य बन गए हैं। हर बार सत्र शुरू होने से पहले सरकार विपक्ष के साथ सर्वदलीय बैठक करती है, विपक्षी दलों से सहयोग की अपील करती है, विपक्ष भी सार्थक संसद सत्र का आश्वासन देता है और अगले दिन जब सत्र शुरू होता है, विपक्ष संसद को ठप कर देता है। देश इस सबसे उब चुका है। विपक्ष जिन मुद्दों पर बहस या बयान की मांग कर संसद में हंगामा करता है, या संसद नहीं चलने देता है, अगर उन मुद्दों पर सच में वह सदन में बहस चाहता है तो यह तभी संभव है, जब संसद चले। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि 'लोकतंत्र के मंदिरों में व्यवधान और हंगामे को राजनीतिक रणनीति के तौर पर हथियार नहीं बनाया जा सकता।' केवल हंगामा मचाना कहीं से भी संसद या लोकतंत्र का सम्मान नहीं है। मणिपुर की वीडियो घटना ने निश्चित रूप से देश को शर्मसार किया है, इस पर विपक्ष चाहता है कि संसद में बहस हो और सरकार भी कह रही है कि वह विपक्ष की हर मांग पर चर्चा को तैयार है, तो यह तभी हो पाएगा, जब संसद सुचारू रूप से चलेगी। संसद सत्र आहूत होने के बाद हर दिन करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, ऐसे में सांसदों का दायित्व है कि वह संसद के संचालन में सहयोग करें, केवल पार्टी पॉलिटिक्स के लिए संसद सत्र को बेकार नहीं किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि संसद के सुचारू व नियमित संचालन के लिए कुछ कठोर नियम बनाए, जो लगे कि भारत की 21वीं सदी की संसद है। सत्ता पक्ष को भी विनम्र व लचीला रुख अपनाना चाहिए और विपक्ष की मांगों के प्रति उदार रवैया रखना चाहिए। विपक्ष की मांगों को खारिज करने की प्रवृत्ति भी लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। सांसद जन प्रतिनिधि हैं, इस नाते वे संवैधानिक रूप से संसद के प्रति बंधे हुए हैं। संसद से दलगत राजनीति नहीं होनी चाहिए। संसद सत्र विधेयक पर चर्चा करने, राष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श करने, नया कानून बनाने आदि के लिए आहूत होते हैं, लेकिन इसे हंगामा व नारेबाजी का मंच बना देने से इसकी उपयोगिता व्यर्थ हो जाती है। 2014 से अब तक कांग्रेस ने शायद ही किसी संसद सत्र को सुचारू चलने दिया हो। सरकार की अपील पर विपक्ष को गौर करना चाहिए, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जो कहा है कि "लोकतंत्र जनता की भलाई के लिए संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श और बहस को कहा जाता है, इस पर भी विपक्ष को ध्यान देना चाहिए। केवल हंगामा या नारेबाजी करने से ही मुद्दों का राष्ट्रीयकरण हो सकता है, यह सोच ही बेमानी है। अभी जबकि देश मणिपुर की लोमहर्षक घटना से आक्रोशित है, वहां हिंसा व उपद्रव को लेकर अफवाह व फर्जी खबरों या फेक वायरल वीडियो आदि से फिर से हिंसा भड़कने का खतरा विद्यमान है, तो ऐसे में इस संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना कतई उचित नहीं है। मणिपुर के बाद पश्चिम बंगाल की घटना भी शर्मनाक है। महिलाओं के उत्पीड़न पर चाहे राजनीति भाजपा करे या कांग्रेस, दोनों गलत है। सियासत के लिए देश को नफरत, हिंसा आदि की आग में झोंकना निकृष्ट कृत्य है। सबकी कोशिश मणिपुर में यथाशीघ्र शांति बहाली की होनी चाहिए। सभी दल संसद चलने दें।

पुण्यतिथि

कृष्ण प्रताप सिंह

जगन्नाथ आजाद का भी नहीं हुआ पाकिस्तान

वर्ष 1947 में देश के विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान का पहला कौमी तराना उस वक्त के उर्दू के लाहौर निवासी बेहद मकबूल हिन्दू शायर जगन्नाथ आजाद ने रचा था? अब इस बात को याद रखना पाकिस्तान को भी गवारा नहीं है। हालांकि, विभाजन के हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्य के दिनों में यह बहुत बड़ी बात थी कि जगन्नाथ आजाद ने पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की इस इच्छा का आदर किया कि यह तराना कोई बड़ा गैरमुस्लिम और धर्मनिरपेक्ष हिन्दू शायर ही रचे। कहते हैं कि तब जिन्ना जताना चाहते थे कि पाकिस्तान बना भले ही धर्म के नाम पर है, उसमें धार्मिक भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होगी, लेकिन बाद में पारकिस्तान द्वारा जगन्नाथ आजाद से बरती गई कृतघ्नता गवाह है कि पाकिस्तान बनाने के लिए हद से गुजर जाने की जिन्ना की गलती उनके वक्त में तो उनके इस संदेश पर भारी पड़ती ही रही, उनके दुनिया को अलविदा कहने के बाद के पाकिस्तानी हुक्मरानों ने भी उसका गला दबाने में कुछ भी उठा नहीं रखा। बहरहाल, आज आजाद की पुण्यतिथि पर यह याद करना दिलचस्प है कि पाकिस्तान बनना तय हो गया तो जिन्ना ने 9 अगस्त, 1947 को रेडियो लाहौर में काम करने वाले एक शख्स की मार्फत उनसे इस तराने की रचना का आग्रह कर यह ताकीद भी की थी कि उनके पास इसके लिए केवल पांच दिन हैं। यह शख्स आजाद का दोस्त था और चाहता था कि 'भावी पाकिस्तान की सबसे बड़ी शख्सियत' द्वारा दिए गए इस सुनहरे मौके को वे बिना हील-हुज्जत फौरन से पेशतर स्वीकार कर लें। उसने समझाया कि

यह बहुत बड़ी बात है कि लाहौर में मौलाना ताजवर नजीबाबादी, सैयद आबिद अली 'आबिद', सूफी गुलाम मुस्तफा 'तबस्सुम', अब्दुल मजीद 'सालिक', हफीज जालंधरी और इन सबसे ऊपर फैज अहमद फैज जैसे बड़े व नामचीन शायरों के रहते जिन्ना पाकिस्तान के कौमी तराने का सर्जक बनकर इतिहास में नाम दर्ज कराने का पहला मौका उनको देना चाहते हैं, लेकिन आजाद ने उससे न सिर्फ हील-हुज्जत बल्कि थोड़ी बहस भी की। मगर अंततः उसकी बात मान गये, फिर उन्होंने जो तराना लिखा, उसके बोल थे, 'ऐ सरजमीन-ए-पाक! जर्रे हैं तेरे आज सितारों से ताबनाक! रौशन है कहकशां से कहीं आज तेरी खाक।' जिन्ना को ये पंक्तियां इतनी पसंद आयीं कि उन्होंने तराने को फौरन मंजूरी दे दी। 14 अगस्त, 1947 की रात यह पहली बार रेडियो पाकिस्तान से प्रसारित हुआ और जब तक जिन्ना इस दुनिया में रहे, पाकिस्तान का कौमी तराना बना रहा, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद संकीर्णतावादी पाकिस्तानी शासकों ने नए कौमी तराने की तहरीक शुरू कर दी, क्योंकि उन्हें रास नहीं आ रहा था कि मुस्लिम राष्ट्र पाकिस्तान एक गैरमुस्लिम शायर के रचे तराने को अपना कौमी तराना माने। यह लगभग वैसी ही बात थी जैसे बंटवारे के बाद के बेहद खराब हालात में लाहौर में जीना दूभर हो जाने के बाद 'धर्मनिरपेक्ष' आजाद को अपने प्यारे शहर का मोह छोड़कर भारत चले आना पड़ा था और उन्हें इस आधार पर भी सुरक्षा नहीं मिल पाई थी कि वे उस धर्माधारित राष्ट्र के कौमी तराने के रचयिता हैं। प्रसंगवश, आजाद का जन्म 5 दिसम्बर, 1918 को ईसाखेल में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। आजाद के पिता तिलोकचंद 'महरूम' भी उर्दू के बड़े उस्ताद थे। जन्मस्थली ईसाखेल व क्लोरकोट में आरम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद आजाद ने मियांवाली के राममोहन राय हाईस्कूल से 1933 में मैट्रिक और लाहौर के गॉर्डन कालेज से 1937 में बीए और पंजाब विश्वविद्यालय से 1944 में फारसी में एमए किया था। इसके अगले बरस यानी 1945 में उन्होंने इसी विश्वविद्यालय से एमओएल की परीक्षा भी पास की थी। 1947 में वे लाहौर के डीएवी कालेज में पढ़ाते थे।

विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

गरीबी घटना सुकूनदेह परिदृश्य

नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीब लोगों की हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 के 24 .85 फीसदी से घटकर वर्ष 2019-21 में 14 .96 फीसदी हो गई है। यह सूचकांक आय गरीबी के आकलन की पूरक है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2030 के लिए तय की गई मियाद से बहुत पहले बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने में मदद मिलेगी। यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41 .5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में बहुआयामी गरीबी घटने का सुकूनदेह परिदृश्य प्रस्तुत करती दिखाई दे रही हैं।

इन दिनों देश और दुनिया में भारत में बहुआयामी गरीबी के घटने से संबंधित दो रिपोर्टें गंभीरतापूर्वक पढ़ी जा रही हैं। एक, नीति आयोग द्वारा 17 जुलाई को जारी की गई राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) प्रगति समीक्षा रिपोर्ट 2023 और दो, 11 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) के द्वारा वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) की रिपोर्ट 2023 । ये दोनों रिपोर्टें भारत में बहुआयामी गरीबी घटने का सुकूनदेह परिदृश्य प्रस्तुत करते हुए दिखाई दे रही हैं।

नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीब लोगों की हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 के 24.85 फीसदी से घटकर वर्ष 2019-21 में 14.96 फीसदी हो गई है। यह सूचकांक आय गरीबी के आकलन की पूरक है। यह सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार को बताता है, जो इसके सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है। इसके तहत पोषण, बाल एवं किशोर मृत्युदर, खाना बनाने में उपयोग होने वाले ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, मांओं के स्वास्थ्य, स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति जैसे आधारभूत संकेतक शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत एसडीजी लक्ष्य 1.2 प्राप्त करने की राह पर निकल गया, जिससे वर्ष 2030 के लिए तय की गई मियाद से बहुत पहले बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने में मदद मिलेगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे अधिक कमी उत्तरप्रदेश में देखी गई, जहां 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसके बाद बिहार में 2.25 करोड़, मध्यप्रदेश में 1.35 करोड़, राजस्थान में 1.08 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 92.6 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उल्लेखनीय है कि यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में पिछले 15 वर्षों में गरीबी में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। 2005-2006 में जहां गरीबों की आबादी 55.1 प्रतिशत थी वह 2019-2021 में घटकर 16.4 प्रतिशत हो गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2005-2006 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग गरीबी की सूची में शामिल थे, यह संख्या 2015-2016 में घटकर लगभग 37 करोड़ और 2019-2021 में कम होकर 23 करोड़ हो गई। खास बात यह है कि भारत में सभी संकेतकों के अनुसार गरीबी में गिरावट आई है। सबसे गरीब राज्यों और समूहों, जिनमें बच्चे और वंचित जाति समूह के लोग शामिल हैं ने सबसे तेजी से प्रगति हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पोषण संकेतक के तहत बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोग 2005-2006 में 44.3 प्रतिशत थे जो 2019-2021 में कम होकर 11.8 प्रतिशत हो गए। इस दौरान और बाल मृत्यु दर 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार जो खाना पकाने के ईंधन से वंचित गरीबों की संख्या भारत में 52.9 प्रतिशत



से गिरकर 13.9 प्रतिशत हो गई है। वहीं स्वच्छता से वंचित लोग जहां 2005-2006 में 50.4 प्रतिशत थे उनकी संख्या 2019-2021 में कम होकर 11.3 प्रतिशत रह गई है। पेयजल के पैमाने की बात करें तो उक्त अवधि के दौरान बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोगों का प्रतिशत 16.4 से घटकर 2.7 हो गया। बिना बिजली के रह रहे लोगों की संख्या 29 प्रतिशत से 2.1 प्रतिशत और बिना आवास के गरीबों की संख्या 44.9 प्रतिशत से गिरकर 13.6 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत उन 19 देशों की लिस्ट में शामिल है जिसके जिन्होंने 2005-2006 से 2015-2016 की अवधि के दौरान अपने वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) मूल्य को आधा करने में सफलता हासिल की।

गौरतलब है कि डिजिटलीकरण के तहत जिस तरह आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी)में मदद की है, उससे भी गरीबों का सशक्तिकरण हुआ है। भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना देश में गरीबी कम करने में एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। भारत में डीबीटी से कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को अकल्पनीय फायदा हो रहा है। जहां कोरोनाकाल में 80 करोड़ लोगों का डिजिटल राशन प्रणाली से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न निशुल्क दिया गया, वहीं अब विगत एक जनवरी 2023 से 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को हर महीने खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाली देश की दो तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। 2023 में वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा मुफ्त अनाज का वितरण गरीबी में कमी लाने का अहम उपाय दिखाई दे रहा है। वस्तुतः देश का कृषि उत्पादन देश के गरीबों और अर्थव्यवस्था के लिए सहारा बन गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन, वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और स्वास्थ्य व भूखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बना गया है, अतएव देश की नई आबादी के लिए रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करना जरूरी होगा। रोजगार के ऐसे नए अवसर गरीबी नियंत्रण में सहायक होंगे।

निश्चित रूप से देश में बहुआयामी गरीबी अभी भी चुनौतिपूर्ण बनी हुई है। देश में करीब 23 करोड़ लोग अभी भी गरीब हैं। ऐसे में गरीबी, बेरोजगारी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए सरकार के द्वारा घोषित नई जनकल्याण योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं, कौशल विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाना होगा। मोटे अनाज का उत्पादन और वितरण बढ़ाकर देश में भूख और कुपोषण की चुनौती का सामान करके गरीबों की कार्यक्षमता बढ़ाना होगी।

हम उम्मीद करें कि नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र की बहुआयामी गरीबी संबंधी रिपोर्टों के मद्देनजर अब भारत में केंद्र व राज्य सरकारों के रणनीतिक प्रयासों से बहुआयामी गरीबी में और कमी आएगी। ऐसे में देश के आम आदमी की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आर्थिक कल्याण के साथ देश के विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।

हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित

दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

बहुत की जगह किसी एक काम को करें बेहतर

संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

अंतर्मन

आज की पाती

नदी-नालों के आसपास भवन निर्माण पर रोक लगे

तबाही की बारिश, बादल फटने, फ्लैश फ्लड आदि से इस बार जितना अधिक जान-माल का नुकसान हुआ है, उसका अंदाजा लगाना बहरहाल मुश्किल है। यह भी सही है कि मानवीय गलतियों के कारण भी अधिक नुकसान उठाना पड़ा होगा। सरकार को नदी-नालों के आसपास भवन निर्माण पर पूरी रोक लगाकर रेत-पत्थर माफिया पर सख्त कानून बनाकर उनकी धरपकड़ सुनिश्चित करनी होगी। गंदगी फैलाने वाले पर्यटकों और होटल-रेस्टोरेंट चालकों पर शिकंजा कसना भी जरूरी है। नई बिजली परियोजनाओं पर पूरी रोक और सड़क निर्माण पर एहतियात बरतने की जरूरत होगी। - *संदीप भंसाली, जगदलपुर*

ट्रेंड

जैव विविधता की रक्षा करें

दस लाख पौधों और जानवरों की प्रजातियां विलुप्त होने के खतरे में हैं। जलवायु परिवर्तन के अस्तित्वगत खतरे को समाप्त करने, भूमि क्षरण को रोकने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जैव विविधता की रक्षा करना आवश्यक है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

30 लाख सरकारी पद खाली

देश में अकेले सरकारी महकमों में ही 30 लाख पद खाली हैं। पर इवेंट-जीवी मोदी सरकार के मुखिया, मोदी जी किश्तों में भर्ती पत्र बांटकर ऐसे जता रहे हैं कि मानो उन्होंने 2 करोड़ नौकरियां, प्रति वर्ष देने का भाजपाई वादा पूरा कर दिया हो।

बच्चों की रुकी हुई लंबाई को बढ़ाएं योगासन

अलका सिंह, योग विशेषज्ञ

योगासन केवल शारीरिक विकास के लिए ही नहीं होते हैं, बल्कि उनका मानसिक और आध्यात्मिक असर भी होता है। यह शारीरिक कष्टों से से राहत दिलाता है तो वहीं मानसिक दबाव को कम करता है। बच्चों की हाइट न बढ़ना आजकल आम समस्या हो गई है। अगर अच्छे खानपान और कई तरह की एक्सरसाइज करने के बावजूद किसी बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ रही है तो ऐसे में पेरेंट्स का चिंता करना लाजमी है। शुरूआत में बच्चों की लम्बाई पर माता-पिता ध्यान नहीं देते हैं लेकिन जब 15 साल के बाद भी उम्र के हिसाब से बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ती है तो उन्हें चिंता होने लगती है। अगर हर तरह के उपाय करने के बावजूद आपके बच्चे की हाइट नहीं बढ़ रही है तो आप इन तीन योगासन की मदद ले सकते हैं। बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए करें ये योगासन

ताड़ासन

ताड़ासन को लंबाई बढ़ाने के लिए रामबाण इलाज कहा जाता है। ये आसन पीठ दर्द, लंबाई बढ़ाने और घुटनों से संबंधित हर तरह की समस्या से निजात दिलाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले आप अपने दोनों पैरों

पर खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने हाथों को जोड़ते हुए ऊपर की तरफ ले जाएं। अपने दोनों हाथ और सिर को ऊपर की तरफ खींचने की कोशिश करें। इस दौरान गहरी सांस लें। अब धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आ जाएं। यह आसन अपने बच्चे को दिन 2 से 3 बार कराएं।

वृक्षासन

इस आसन को करने पर आपके शरीर में लंबाई वाले हार्मोन की ग्रोथ होती है। बच्चों की लंबाई बढ़ाने के लिए तो ये आसन बेहद फायदेमंद है। इसे करने के लिए आपको सबसे पहले आपको सूर्य की दिशा में सावधान की पोजीशन में खड़े होना है। इसके बाद अपने हाथों को आसमान की तरफ ले जाते हुए लेफ्ट पैर को राइट पैर की जांघ पर रख लें। अब इसी मुद्रा में थोड़ी देर तक बने रहें। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आएं। लंबाई बढ़ाने के लिए इसे दिन में 8 से 10 बार करें।

भुजंगासन

भुजंगासन स्पाइनल कॉर्ड को मजबूत बनाने में मदद करता है और शरीर की लंबाई में सुधार कर सकता है। यह बॉडी के स्ट्रक्चर को बेहतर करता है।

अंततः निष्कर्ष से निकलता है कि अगर ये कहा जाए कि योग के पास हमारी सभी समस्याओं का हल है तो गलत नहीं होगा। दिनभर की छोटी मोटी समस्याओं से लेकर कई बड़ी बीमारियों से राहत दिलाने में योग हमारी मदद करता है। योग का निमार्ता अभ्यास आपके बच्चों की झुकी हुई लंबाई को बढ़ाने में काफी कारगर सिद्ध होता है इसलिए रोज कर रही हो स्वस्थ रहे मस्त रहे खुश रहे।

संक्षेप

सुल्तानपुर में बारिश के बाद रास्ते हुए खराब

कीचड़ युक्त रस्ते में बच्चे और अध्यापक फिसलकर गिरे, ग्रामीणों का आरोप-प्रधान नहीं बना रहे मार्ग

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में इन दिनों बारिश का प्रकोप है। इस कारण शहर से लेकर गांव तक रास्तों का बुरा हाल है। खासकर ग्रामीण अंचल के उन स्कूल के रास्ते बदहाल हैं जिनमें सैकड़ों बच्चे शिक्षा लेने पहुंच रहे। ऐसा ही मामला जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहरी के सिपाह प्राथमिक विद्यालय का सामने आया है। स्थानीय लोगों की माने तो वर्षों से बने इस विद्यालय में आने-जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं है। बरसात में बच्चे और अध्यापक का विद्यालय तक पहुंचना बहुत कठिन कार्य हो जाता है। अब इधर बराबर बारिश से रास्ता दल-दल बन गया है। कीचड़ अलग जमा हुआ है। स्कूल क्या आने जाने वाले लोग गिर पड़ जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार आज ही एक अध्यापक और 3-4 बच्चे फिसल कर कीचड़ में गिर गए। जिसे देखकर स्थानीय निवासी बाबू रामप्रकाश सिंह ने खुद ही फावड़ा लेकर मिट्टी भराई की। तब जाकर उस रास्ते पर चलना थोड़ा सा सम्भव हुआ। लोगों में बेलहरी प्रधान को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि प्रधान बच्चों से दुश्मनी निकाल रहे हैं। स्कूल में 100 से अधिक बच्चे हैं। अध्यापक सहित 8 से 9 का स्टाफ है। लेकिन इनके लिए विद्यालय तक आने के लिए रास्ता नहीं बना है। लोगों ने बताया कि प्रधान ने अपने घर के आगे पीछे सड़के बना रखी हैं।

अयोध्या में बुखार का प्रकोप बढ़ा

प्लेटलेट की मांग बढ़ी; अस्पताल में मरीजों की भीड़

अयोध्या, अयोध्या जिले में इन दिनों बुखार का प्रकोप तेज है। अस्पतालों में ऐसे कई मरीज इलाज करा रहे हैं, जिनके बुखार के साथ-साथ प्लेटलेट लगातार गिर रही है। हालांकि, उनकी डेंगू की रिपोर्ट निगेटिव है। इस वजह से प्लेटलेट की डिमांड भी जिले में बढ़ रही है। दो ब्लड बैंक से प्रतिदिन करीब 15-20 यूनिट प्लेटलेट जारी की जा रही ह जिले में डेंगू समेत बुखार के अन्य मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में डेंगू के तीन एक्टिव मरीज हैं। हालांकि अभी तक जिले में 90 मरीज मिल चुके हैं। प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर और जिला अस्पताल, राजकीय श्रीराम अस्पताल में बुखार से ग्रसित होकर पहुंच रहे हैं। ओपीडी में ऐसे मरीजों की भीड़ तो है ही वार्ड भी खाली नहीं है। इन दिनों पहुंच रहे मरीज बुखार के अन्य मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा में है। बुखार पांच से छह दिन तक लोगों को तंग कर रहा है। खास बात है कि बुखार के साथ, जोड़ों में दर्द, बदन दर्द समेत डेंगू से मिलते-जुलते लक्षण नजर आ रहे हैं, प्लेटलेट भी तेजी से गिर रही है, लेकिन डेंगू की रिपोर्ट निगेटिव आ रही है।

अन्त्योदय कार्ड धारकों को 18 रू. की दर से मिलेगी 03 किलो चीनी

जिले में 12 सितम्बर से प्रारम्भ है खाद्यान्न का वितरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह सितम्बर 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 12 सितम्बर से प्रारम्भ हो गया है, वितरण कार्य 23 सितम्बर तक होगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण किया जायेगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी रू. 18 प्रति किलो की दर से किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि उक्त दोनों योजना के कार्डधारकों को गेहूँ का वितरण 02 रुपए प्रति किलो तथा चावल 03 रुपए प्रति किलो की दर से किया जायेगा।

श्री सिंह ने बताया कि वितरण कार्य ई-पॉस मशीन के द्वारा आधार प्रमाणीकरण प्रक्रिया के द्वारा होगा, जिन लाभार्थियों का अंगूठा अपरिहार्य कारणों से ई-पॉस मशीन पर नहीं लगेगा (आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी) उन्हें 23 सितम्बर को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के आधार पर वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि अंगूठा लगाने के बाद तत्समय खाद्यान्न प्राप्त कर लें, यदि किसी कोटेदार द्वारा किसी कार्डधारक को राशन नहीं दिया जाता है तो वह इसकी सूचना क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक/पूर्ति निरीक्षक को अवश्य दें।

कलेक्टर बिटिया प्रोग्राम के तहत बालिकाओं से सीडीओ ने की भेंट

बैटरी ऑपरेटेड स्प्रे मशीन का किया अवलोकन

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने शिवा एग्रो कृषक उत्पादक संगठन के तत्वावधान में संचालित ध्येय आईएएस फाउण्डेशन अन्तर्गत कलेक्टर बिटिया प्रोग्राम के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रही बालिकाओं से मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने भेंट कर उन्हें सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सलाह दी। इसके उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी ने डीडी एग्री टी.पी. शाही व जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय के साथ बीएमजीएफ समर्थित टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (टीएसयू), कृषि विभाग बहराइच द्वारा नियो फार्म टेक्नोलॉजी से निर्मित बैटरी ऑपरेटेड स्प्रे मशीन के प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए इसे कृषकों के लिए उपयोगी बताते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि जिले के विकास खण्डों पर प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को स्प्रे मशीन की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की जाय। टेक्निकल सर्पोट यूनिट के सलहकार अरविन्द मिश्रा ने बताया कि एफपीओ इस तकनीकी को अपनाकर कम समय में अधिक फसलों पर छिड़काव कर सकते है। उन्होनें बताया कि यह तकनीकी महिलाओं के लिए आसान होगा। इसको चलाना उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक कृषि प्रदीप कुमार तथा कई प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में भगवान ब्रह्मा जी के मानस पुत्र सप्त ऋषियों में से एक व सृष्टि सृर्जक कहे जाने वाले महर्षि कश्यप जी की जयंती डॉक्टर बैजनाथ गुप्ता के आवास पर बहुत धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित बंधुओ द्वारा महर्षि कश्यप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर भोग लगाया गया तथा कीर्तन आरती की गई। इस अवसर पर रुपईडीहा नगर पंचायत के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी स्वजातीय बंधु महीने में कम से कम दो बार अवश्य मिले तथा एक जुटता का परिचय देते हुए समाज को नई दिशा प्रदान करने में महती भूमिका निभाएं। आज आवश्यक हो गया है की हम सभी प्रयास कर नवयुवकों को होनहार बनाएं। जैसे इंजीनियर डॉक्टर वैज्ञानिक राजनीतिज्ञ जिससे समाज में और सरकार में हिस्सेदारी भी मिले। डाक्टर बैजनाथ गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम बहराइच जिले के स्वजातीय निवासी पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं जिसका मुख्य कारण हम लोगों का एक जुट ना होना है। अब समय आ गया है कि हमें एक जुटता दिखाते हुए सरकार पर दबाव बनाकर कसौधन पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र हासिल करना पड़ेगा। इस अवसर पर संतोष कसौधन, अनिल कसौधन, संजय कसौधन राकेश, दुर्गेश कसौधन, शिवम कसौधन, मनीष कसौधन, पिंटू कसौधन, अतुल कसौधन, सिद्धनाथ कसौधन सहित दर्जनों स्वजातीय महिलाओं ने महिष कश्यप जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिक्षा चौपाल में बच्चों को निपुण बनाने पर दिया जोर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर विकासखंड मिहीपुरवा के ग्राम पंचायत चफरिया में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चफरिया में शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह रहे। शिक्षा चौपाल के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कहा कि हर घर तक शिक्षा की अलख तब तक जलाई जाएगी जब तक हर घर के बच्चे विद्यालयों में पढ़ने ना लगे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार के द्वारा लगातार योजनाओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को लाभावंतित किया जा रहा है। चौपाल के दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्कूल चलो अभियान पर बच्चों के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम किया गया जिस पर लोगों ने जमकर तालियां बजाईं और बच्चो का उत्साह वर्धन किया।इस मौके मौके पर

खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह, एआरपी अंशुल कुमार, नोडल शिक्षक संकुल श्रवण कुमार सिंह, शिक्षक संकुल संदीप तिवारी, अजय सोनकर, सुकुमार सरकार, नितिन मित्तल, सहायक अध्यापक सुनील चौधरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय चफरिया 1-8 के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, पंकज कुमार, राजकुमार, सुरजीत सिंह, ग्राम प्रधान अजीज अहमद, एसएमसी अध्यक्ष राकेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष उच्च प्राथमिक विद्यालय चफरिया मोहम्मद अजहर खान, जागरूक अभिभावक अनिल मदेशिया, अनूप कुमार तिवारी, राजेश कुमार कोटेदार, ग्राम पंचायत सदस्य जोहेब खान, काफी संख्या में अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

90 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किये गये आवेदन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. दिनेश चौधरी ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित/बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैज्ञानिक ढंग से मौनपालन किये जाने हेतु औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर व बस्ती एवं अधीक्षक राजकीय उद्यान प्रयागराज में 15 दिसम्बर 2023 तक तीन माह 90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आरम्भ हो रहा है। इस 90 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था प्रशिक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी।प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुरूष एवं महिलायें सभी वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं, इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अपने निकटतम सुविधानुसार संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र वस्ती एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर आवेदन कर मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ दो सभ्रांत व्यक्तियों या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र आवश्यक है।डॉ. चौधरी ने बताया कि मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मधुमक्खियाँ प्रत्यक्ष रूप से किसानों के दैनिक जीवन से लेकर उनकी आर्थिक आय बढ़ोत्तरी में सहायक हैं। मधुमक्खियों से शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों में पर परागण से पौधों की जीवितता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है तथा पर्यावरण संतुलन में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ अन्य ऐसे अनुपूरक व्यवसाय अपनाये जाने की आवश्यकता है, जिसमें कम भूमि एवं कम पूंजी की जरूरत हो। मधुमक्खी पालन को अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में अपनाकर कम पूंजी व कम समय में अधिक आय प्राप्त की जा सकती है।

कैसरगंज में घर-घर विराजे गणपति बप्पा

उपजिलाधिकारी व थाना अध्यक्ष ने फीता काटकर महोत्सव का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज में श्री गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हर्षोल्लास के साथ हुई। नगर में जगह-जगह भगवान श्री गणेश की मूर्तियां स्थापित की गई।

सात दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को हो गया। इस अवसर पर कई भक्तों ने अपने घरों पर भगवान गणेश की मूर्तियों की स्थापना की। इस बार कई नई जगहों पर भी गणेश महोत्सव बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। कैसरगंज पीपल वाली गली राजगद्दी मैदान में श्री गणेश महोत्सव समिति द्वारा 9वें महोत्सव का प्रारम्भ श्री गणेश जी की विशाल प्रतिमा की स्थापना के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा की स्थापना कराई गयी। बाद में समिति के अध्यक्ष समेत अनेक लोगों ने आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया। महोत्सव के दौरान सप्ताह भर पूजन भजन व रंगारंग कार्यक्रम व काव्य एवं साहित्य सम्मेलन का आयोजन चलेंगे। 25 सितम्बर को विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कैसरगंज नगर पंचायत में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना के कार्यक्रम में एसडीएम पंकज दीक्षित तथा थाना प्रभारी राजनाथ सिंह ने पहुंचकर गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

सारी दुनियां हिन्दी की दीवानी है, दुनियां पर कुर्बान हमारी हिन्दी है

अवध वाटिका के बैनर तले आयोजित हुआ हिंदी दिवस पखवाड़ा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। साहित्य, कला एवम रंग मंच को समर्पित ₹अवध वाटिका साहित्य मंच जनपद बहराइच ₹के तत्वावधान में पाक्षिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी पखवाड़े के रूप में शाम 5 बजे से स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी भवन सभागार (कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच) में वरेण्य साहित्यकार डा.अशोक पाण्डेय गुलशन की अध्यक्षता एवम गोण्डा जनपद से पधारे शायर सूफी गोंडवी जी के मुख्य अतिथि और रमेश चन्द मिश्र के विशिष्ट अतिथि में सम्पन्न हुआ। मेहमान शायर का सम्मान अवध वाटिका साहित्य मंच के द्वारा अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महसी से पधारे छंदकार रघुवेन्द्र नाथ त्रिपाठी के वाणी वंदना से हुआ, संचालन तिलक राम अजनबी ने किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए युवा कवि ने कुछ इस तरह पंक्तियां पढ़ी ₹गीत गाती रोशनी इक शाम के खातिर, ये जमाना मार रहा है नाम के खातिर₹, कवि अजित मौर्य ने पंक्तियां पढ़ी ₹तेरी यादों की दौलत को मैं हरगिज खो नही सकता, भले ही छोड़ दो मुझको गैर मै हो नही सकता, कवि शैलेन्द्र मिश्र ने हिन्दी पर पंक्तियां पढ़ी ₹गर्व हो गर्व कर अपनी पहचान पर, और सोचो भी तुम हिन्दी उत्थान पर, शायर कलीम तन्हा ने पंक्तियां यूं पढ़ी ₹फिर उसके बाद मुकद्दर चमक गया मेरा, वतन की खाक जबीं पर लगा दिया मैने, कवि रघुवेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने हिन्दी के परिपेक्ष्य सुन्दर छंद पढ़ा देखि बिहारी के दोहन से मनो, नैनन केर कटार है हिन्दी, मानस मान पे आंच लगे तब, भूषण कै तलवार है हिन्दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा.अशोक पाण्डेय गुलशन ने हिन्दी पर दोहा पढ़ा हिन्दी भाषा है सभी, भाषाओं की जान, जिसको अपनाकर हुए, तुलसी सूर महान के साथ अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सभी कलमकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि रमेश मिश्र ने भी अपने विचार रखे। तत्पश्चात गोष्ठी के समापन की घोषणा अध्यक्ष के द्वारा की गई।अगली गोष्ठी 3 अक्टूबर 2023 को पुनः प्रस्तवित हुई।

कार्यक्रम बोली-भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान रेलवे यात्रियों के लिए करेंगा व्यापक इंतजाम

लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा पहुंची अयोध्या

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, श्री राम जन्मभूमि परिसर स्थित भव्य मंदिर में भगवान राम लला जनवरी-2023 में विराजमान होंगे। राम नगरी में इस उपलक्ष्य में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने के लिए लाखों की संख्या में भक्त अयोध्या पहुंचेंगे। जिसे देखते हुए रेलवे ने भी तैयारियां शुरू कर दिया है। शनिवार को लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा अयोध्या पहुंची। अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन का जिले के आलाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन में रेलवे के अधिकारियों के समन्वय बैठक किया। रेखा शर्मा ने कहा कि जनवरी में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर रेलवे द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में आज अयोध्या कैंट में समन्वय बैठक की गई। सभी पहलुओं पर मंथन किया गया। अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर कितने श्रद्धालुओं की भीड़ हो सकती है इसको लेकर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के फ्लो को देखते हुए रेलवे तैयारियों में जुटेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। तैयारियों को लेकर रेलवे विभाग जिला प्रशासन और शासन स्तर के अधिकारियों और सभी विभागों से समन्वय बनाकर तैयारी कर रहा है। सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा के साथ मंडलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर भी उनके साथ अयोध्या जंक्शन और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा अयोध्या जंक्शन की नवनिर्मित टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों हेतु उपलब्ध विश्राम कक्षों, डारमेट्री, फूड कोर्ट, दुकानों, प्रतीक्षालयो, लाकर सुविधा, शौचालय एवं होल्डिंग एरिया आदि का अवलोकन किया तथा टर्मिनल में यात्रियों के बैठने हेतु बैचेंज की संख्या को बढ़ाने, यात्रियों के सामान को सुरक्षित रखने हेतु लाकरों की संख्या बढ़ाने, बड़ी संख्या में आने वाले यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त होल्डिंग एरिया की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यात्रियों के ठहरने हेतु बेड की संख्या और बढ़ाने के लिए रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान रेलवे स्टेशन व उसके आसपास यात्रियों के वाहन पार्किंग हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं भूमियों का भौतिक निरीक्षण किया गया, तथा उपलब्ध भूमियों को समतल कराकर पार्किंग विकसित करने के निर्देश दिये जिससे यात्री अपने वाहन की सुगमता से पार्किंग कर सकें। इसके उपरांत अधिकारियों द्वारा अयोध्या कैंट रेलवे का भी निरीक्षण किया गया।

आकांक्षात्मक जनपद की बेटियों में नहीं है प्रतिभा की कोई कमी: रजनी तिवारी

राज्य मंत्री उच्च शिक्षा ने किया महिला महाविद्यालय का सघन निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। जनपद भ्रमण के दौरान प्रदेश की राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्यामकरन टेकड़ीवाल, प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. प्रिया मुखर्जी के साथ महिला महाविद्यालय का सघन भ्रमण कर छात्राओं से रू-ब-रू होते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय परिसर व कक्ष-कक्षों की साफ-सफाई, पुस्तकालय, लैब व संगीतकक्ष, कार्यालय भवन इत्यादि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने महिला महाविद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक जनपद की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय के योग्य शिक्षण स्टाफ की देख रेख में बेटियां समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करेंगी। राज्यमंत्री श्रीमती तिवारी ने छात्राओं का आहवान किया कि अपने आस-पास रहने वालों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में संचालित योजनाओं तथा हेल्पलाइन के बारे में अवश्य जानकारी उपलब्ध कराएं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मुखर्जी ने मा. राज्यमंत्री श्री तिवारी का स्वागत करते हुए विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं, विद्यालय की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए आश्वस्त किया कि छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें खेल व अन्य सामाजिक गतिविधियों हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, पार्टी पदाधिकारी नन्हे लाल लोधी व अन्य, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाण्डेय सहित सम्बन्धित मौजूद रहे।

संक्षेप

गैंगेस्टर के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर। गीडा थाना पुलिस ने गैंग बना कर हत्या के अलावा अन्य अपराध करने में सक्रिय एक गैंगेस्टर के अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। मिली जानकारी से एसओ रतन कुमार पांडेय एसआई श्रीकेश कुमार उपाध्याय, कांस्टेबिल धनंजय सिंह,फनीद्ध यादव, सुभाष चंद यादव,राम विशाल यादव,अंकित दुबे ने गैंगेस्टर के अभियुक्त ब्रजमोहन विश्वकर्मा उर्फ झीनक पुत्र राजाराम विश्वकर्मा, निवासी रामपुर पांडेय थाना खजनी को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। अभियुक्त के ऊपर गीदा थाने में गैंगेस्टर,हत्या साजिश करने का केस दर्ज है।

प्रधान पर निजी जमीन में खड़ंजा लगाने का आरोप

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड सहजनवां क्षेत्र स्थित के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गीदहा गांव में काश्तकारी भूमि पर ग्राम प्रधान की ओर से खड़ंजा लगाने पर भूमि मालिक और ग्रामीणों में रोष है। गांव के सोमनाथ पुत्र परदेशी ने बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन है लेकिन ग्राम प्रधान एवं उनके सहयोगी द्वारा मेरी जमीन पर ईंट से सड़क निर्माण करा रहे हैं। सोमनाथ ने कहा कि प्रार्थना पत्र मण्डलायुक्त एवं थानाध्यक्ष हरपुर बुदहट को दिया। इसके पहले खण्डविकास अधिकारी रमेश शुक्ला ने सख्त निर्देश दिया था कि जहां पर रास्ते के लिए चयनित जमीन है वहीं पर खड़ंजे का निर्माण करायें के बावजूद प्रधान वह सहयोगी द्वारा मौके पर खड़ंजा का निर्माण कराया गया। बताया कि अभिलेख में कोई रास्ता नहीं है। ग्राम प्रधान कुमारी देवी वह उनके पति राजेंद्र ने कहा कि इस खड़ंजे का निर्माण उनके द्वारा नहीं कराया गया है। खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। विरोध करने वाले व्यक्ति का रकबा पूरा है उसके बाद खड़ंजे का निर्माण किया गया है।

यमुनानगर में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

यमुनानगर, हरियाणा के यमुनानगर के ऊपर से गुजर रहे सेना के हेलीकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते हेलीकॉप्टर की शादीपुर गांव के खेतों में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अचानक खेतों में हेलीकॉप्टर उतरता देख आसपास काम कर रहे किसान हैरत में पड़ गए। जिसके बाद सूचना पर ग्रामीणों का मौके पर हुजूम लग गया। वहीं, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक सेना का हेलीकॉप्टर चंडीगढ़ से मेरठ जा रहा था। हेलीकॉप्टर में एक लेफ्टिनेंट दो पायलट और एक कमांडो मौजूद थे। बातचीत करते हुए ग्रामीण नौशाद, आशिक और अन्य बताया कि उनके गांव के जोहड़ के ऊपर अचानक हेलीकॉप्टर फड़फड़ाने लगा। कुछ लोगों ने बताया कि हेलीकॉप्टर की ऊपर वाली खिड़की बंद हो गई थी।

अद्भुत कला कौशल के बीच कौतूहल पूर्ण रहा इटरा दंगल

संपूर्ण देश के कोने-कोने से पहलवानों ने दिखाऐ दांव पेच

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इटरा में निरंतर 66 वर्षों से चली आ रही दंगल प्रतियोगिता परंपरा का कार्यक्रम इस वर्ष भी गर्म जोशी के साथ संपन्न हुआ मिली जानकारी के अनुसार यह ऐतिहासिक दंगल ग्रामीण स्वर्गीय जयराम सिंह गौतम के कर कमलों से प्रारंभ किया गया था जिनके बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री कुंवर साहब सिंह गौतम के कुशल संयोजन में अनवरत विशाल दंगल का आयोजन प्रतिवर्ष सुनिश्चित किया जा रहा है इस ऐतिहासिक दंगल महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाल नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल प्रदेश के महोबा जनपद के निवासी पूर्व मंत्री बादशाह सिंह भाजपा नेत्री मोना शुक्ला समेत आधा सैकड़ा से अधिक नामी गिरामी हस्तियों ने कार्यक्रम में उत्साह वर्धन किया समिति के पदाधिकारी के साथ ग्राम प्रधान वेद प्रकाश ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण तथा बैच अलंकरण करते हुए भव्य स्वागत किया वही कार्यक्रम का कुशल संचालन कुठौंद जालौन से पधारे संजीव राणा पहलवान दयाशंकर उमराव एवं अपनी ओजस्वी स्वरलहरी को जनता तक पहुंचाने में गायक धर्मेंद्र सिंह चांदपुर ने अहम भूमिका निभाई दंगल प्रतियोगिता अंतर्गत कुश्ती हुई जिसमें हरिद्वार से पधारे पतंजलि योगपीठ के पहलवान बाबा जी ने अपने प्रतिद्वंदी हरियाणा प्रांत से पधारे सुनील पहलवान को पराजित किया वही फतेहपुर जनपद के लमेहटा निवासी पहलवान श्री राम ने राजस्थान के पहलवान भूकंप सिंह को मात देते हुए फतेहपुर का विजय पताका फहराया इसके साथ-साथ कई रोमांचकारी कुश्ती जिसमें संजीव निषाद कानपुर बालमुकुंद झांसी के बीच तथा राम सेवक सिंह उरौली मोहर सिंह जालौन के बीच हुई जिसमें कुश्ती बराबरी में छूटी महिला पहलवानों ने भी दंगल में अपने गांव आजमाएं जहां हरियाणा प्रांत की महिला पहलवान मनु ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पहलवान पंजाब से पधारी नाजिदा को परास्त कर पुरस्कार हासिल किया हनुमान गढ़ीअयोध्या से पधारे बाबा पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी सोनू हरियाणा को परास्त कर 31000 रुपए पुरस्कार प्राप्त किया इसी प्रकार दो दर्जन से अधिक आकर्षक कुश्ती हुई वही जनपद ही नहीं अपितु दूसरे जनपद तथा अन्य प्रांतों से आए दर्शकों ने आनंद प्राप्त किया इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद उमराव श्रीकांत उत्तम अनुज उर्फ धीरू सिंह शिव शंकर वर्मा रजत प्रताप सिंह विराट शुक्ला सौरभ सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सोमेश्वर पटेल समेत भारी संख्या में दर्शक गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे हजारों की संख्या का नेतृत्व पुलिस प्रशासन थाना चांदपुर अखिलेश कुमार चौकी इंचार्ज संदीप कुमार तिवारी दिलीप सिंह आदि की टीम ने जगह-जगह मुस्तैदी के साथ किया कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक कुंवर साहब सिंह गौतम अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं ग्राम प्रधान वेद प्रकाश साहू ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथि क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं कौतूहल को दिखाने वाले पहलवानों का आभार व्यक्त किया

अटूट श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा की हुई आरती

गाजे बाजे के साथ गणपति बप्पा को विराजमान करते हुए स्थापना की गई

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के खजुआ कस्बे के बाद बादशाही मोहल्ले में गजानन की गई स्थापना सभी भक्तो ने जमकर गणपति बप्पा मोरया के नारे लगाए और नृत्य करते हुए उनको स्थापित किया इस मौके पर पूरे खजुहा कस्बे में खुशी का माहौल देखने को मिला गणेश चतुर्थी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार भारत के विभिन्न भागों में मनाया जाता है किन्तु महाराष्ट्र वे कर्नाटका में बडी.धूमधाम से मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन गणेश का जन्म हुआ था गणेश चतुर्थी पर हिन्दू भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस प्रतिमा का नौ दिनों तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में आस पास के लोग दर्शन करने पहुँचते है। नौ दिन बाद गानों और बाजों के साथ गणेश प्रतिमा को किसी तालाब, महासागर इत्यादि जल में विसर्जित किया जाता है। गणेशजी को लंबोदर के नाम से भी जाना जाता है। इस कार्यक्रम का आयोजन जय मां काली सेवा समिति के द्वारा और गांव के भक्तो द्वारा किया गया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जय मां काली सेवा समिति के अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने बताया की मंगलवार 19 सितंबर को गणेश भगवान की स्थापन कार्यक्रम और शुक्रवार 29 सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जायेगा जिसमे 26 सितंबर को जागरण ,28 सितंबर को प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वही रामचंद्र साहू ने कहा की इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भक्तगण आकर माथा टेकते है और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेटे है प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे खजुहा कस्बे के सभी भक्तगण आकर भगवान की आरती में गणेश भगवान का आशीर्वाद लेते है जिसमे कमेटी में भाग लेने वाले सदस्य गोरे साहू , विनोद ,दिलीप ,राजा ,भोला साहू पान,विक्रम साहू भोला ,अमर साहू सत्यम साहू,छोटे साहू ,पवन साहू ,संदीप साहू ,मुकेश साहू ,,हेमंत ,पप्पू ,सर्वेश वर्मा ,वीरेंद्र वर्मा ,महेश वर्मा (प्रधान) संजय दिवाकर ,लवकुश पाल ,संतोष पाल,रामबाबू पाल और सम्मत कमेटी और भक्त गण सहभागिता रहेगी।

ग्रामीणों को स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत पिपरौली ब्लॉक के बसुधा गांव में ब्लॉक कर्मियों और ग्रामीणों द्वारा सामूहिक श्रमदान किया गया जिसमे गली की साफ सफाई ,नाली की साफ सफाई,हैंडपम्प के आस पास की साफ सफाई एवं सभी सर्वजनिक स्थानों की साफ सफाई किया गया इस दौरान ग्रामीणों को ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने स्वछता के प्रति जागरूक होने के लिए शपथ दिलाई। बसुधा गांव के ग्रामीणों ने इस स्वच्छता कार्यक्रम मे भाग लिया एवं स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक किया गया इस दौरान संयुक्त खंड अधिकारी राकेश त्रिपाठी, एडीओ पंचायत अरविंद सिंह, एडीओ कृषि रक्षा देवब्रत सिंह,ग्राम प्रधान मोनू कन्नौजिया,अजय यादव, संजीव कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

कसौधन वैश्य सभा ने मनाई महर्षि कश्यप जयंती

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। समस्त ऋषियों में श्रेष्ठ वैश्य कुलगुरू महर्षि कश्यप जी महाराज की जयंती कसौधन वैश्य सभा गोरखपुर के द्वारा कसौधन पंचायती मंदिर शेषपुर में सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभा के महानगर अध्यक्ष जवाहर कसौधन ने कश्यप जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया तत्पश्चात भजन और महर्षि कश्यप जी की महा आरती हुई। इस अवसर पर जवाहर कसौधन ने कहा कि भगवान भास्कर के पिता कश्यप जी ने हिन्दू धर्म के लिए तपस्वी जीवन ब्यतीत करते हुए सर्वकल्याण की भावना से कार्य किया तथा कुरीतियों को छोड़ मानव जीवन में वैश्य समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर हमें नई राह दिखाई। इस अवसर पर वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि हमारे समाज का सामाजिक उत्थान पूर्ण रूप से नहीं हो सका है इसके लिए वैश्य समाज की विभिन्न शाखाओं का एकीकरण आवश्यक है सभा के महामंत्री अशोक गुप्ता ने कहा की हमें अपनी एकता का परिचय शासन प्रशासन को कराना होगा। सभा के आजीवन सदस्य मीडिया प्रभारी अजय गुप्ता बजरंगी एडवोकेट ने कहा कि हिन्दू धर्म के चार वर्ण में तीसरा वर्ण वैश्य है जिसे सृष्टि द्वारा सम्पूर्ण मानव समाज के लिए ब्यापार करने का महत्वपूर्ण दायित्व है पर इस पिछड़े समाज का आज तक कोई उच्च राजनैतिक स्तर पर स्थान नहीं है राजनेताओं ने हमें छला है राजनैतिक दल हमारे समाज का उपयोग कर हमें धोखा दे रहे है। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर देवेश वैश्य, संजय गुप्ता लल्लू, भगवान लाल, विजय गुप्ता, राहुल पहलवान, इंजीनियर वेद प्रकाश गुप्ता, गौरव गुप्ता, भानु प्रकाश गुप्ता, सियाराम जी, बजरंग लाल गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, गिरधारी लाल, प्रज्जवल गुप्ता, सचिन गुप्ता, अंकित गुप्ता, बजरंगी लाल, बिनोद गुप्ता, उमाशंकर कसौधन, बसंत कसौधन, विशाल गुप्ता, संजय गुप्ता, चित्रलेखा गुप्ता, लाजो रानी गुप्ता, ममता गुप्ता सहित कसौधन समाज के लोग उपस्थित रहे।

प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रो. सत्य मित्र दूबे के निधन पर शोक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। समाजशास्त्र विभाग में पूर्व शिक्षक रहे प्रख्यात सामाजिक चिंतक प्रो. सत्य मित्र दूबे का असामयिक देहावसान दिनाँक 17 सितंबर 2023 को उनके नोएडा स्थित आवास पर हो गया। समाजशास्त्र विभाग में आज दिनांक 20 सितंबर 2023 को अपराह्न 4:00 बजे शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त विभागीय शिक्षकों एवं कर्मियों द्वारा दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. सुभी धूसिया ने बताया कि प्रो. दूबे ने गोरखपुर विश्वविद्यालय में सन 1959 से 1968 तक अध्यापन कार्य किया था, जिसके पश्चात डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम के समाजशास्त्र विभाग में शिक्षक नियुक्त हो गये और वहीं उन्होंने कुलपति पद के दायित्व का भी निर्वहन किया था। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यश भारती पुरस्कार से भी अलंकृत किया गया था। समाजशास्त्र विषय में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शोक सभा में प्रो. अनुराग द्विवेदी, डॉ मनीष पाण्डेय, प्रकाश प्रियदर्शी समेत कई शोधार्थी उपस्थित रहे।

नर्सिंग छात्राओं ने गांव में चलाया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने बुधवार को खत्रीपुरा गांव में जन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं ने कई विषयों जैसे कृमि संक्रमण, पर्यावरण स्वच्छता तथा हाथ की स्वच्छता का दृश्य प्रदर्शन करके गांव के स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में चार्ट पेपर के द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए ग्लोबल वार्मिंग, संक्रमण वाले बीमारियों के रोकथाम तथा विभिन्न प्रकार के भोजय पदार्थ के विषयों में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में नर्सिंग छात्राओं द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को जलपान दिया गया।

यह कार्यक्रम अनामिका जायसवाल, आरोही श्रीवास्तव तथा अक्षय एडवर्ड की देखरेख में हुआ और इसमें बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की 61 छात्राओं की भागीदारी रही।

नवयुवक जन जागरण मंच एवं मानस ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत जहानाबाद कस्बे में बुधवार को नवयुवक जनजागरण मंच एवं मानस ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन श्री राम जानकी धाम (रामतलाई) मंदिर में किया गयो कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर केश कुमार सचान द्वारा किया गया जहा डॉ केश कुमार सचान ने कहा रक्तदान सेर ?क्तदान से हार्ट अटैक की आशंका कम होती है। रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता, खून कुछ मात्रा में पतला हो जाता है और हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। शरीर में ऑक्सीजन ठीक ढंग से सप्लाई होती है। रक्तदान वजन कम करने में भी आपकी मदद कर सकता है, इसलिए साल में कम से कम दो बार रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर राजा अग्निहोत्री ,मुकेश कुमार,पप्पू शुक्ला ,शुभम ओमर ,सर्वेश सोनकर ,अंशू पांडे डॉ मनीष सचान ,केतन सचान ,कुमार गौरव जी ,राजू शुक्ला सहित अन्य रक्तदानियो ने रक्तदान किया।

बीजेपी के आरक्षण से महिलाओं का बढ़ा कदः प्रकाश पाल

- क्षेत्रीय प्रभारी प्रकाश पाल ने महिलाओ के 33% आरक्षण को लेकर विपक्षी पार्टियों पर कसा शिकंजा

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के जहानाबाद कस्बे के अमौली रोड चौराहे में बुधवार को दिन में करीब 3:00 बजे भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय प्रभारी प्रकाश पाल का कार्यकताओं ने स्वागत किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश पाल ने कहा 33% आरक्षण से महिला नेतृत्व बढ़ेगा और लोकतंत्र मजबूत होगा उन्होंने कहा कि कभी कांग्रेस और कभी समाजवादी पार्टी अवरोध उत्पन्न करते थे सपा बसपा, कांग्रेस नाटक करते थे 33% महिला आरक्षण से आधी आबादी को न्याय मिलेगा इस मौके पर मोना शुक्ला, ओमप्रकाश, सुनील ओमर , अखिलेश बाजपेई, महेश चौरसिया, ,मुकुंद गोपाल, शिवसागर, नितिन उत्तम, विवेक उत्तम, गोविंद सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे

निगरानी सपा विधायक सहित 100 लोग हिरासत में; कई थानों की पुलिस पहुंची, ड्रोन से निगरानी

मेरठ में मिहिर भोज जयंती यात्रा में बवाल

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में दोपहर सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर निकाली जा रही यात्रा में बवाल हो गया। राजपूत करणी सेना ने गुर्जर की इस यात्रा का विरोध किया। प्रशासन ने भी धारा-144 का हवाला देकर यात्रा की परमिशन नहीं दी थी। पुलिसकर्मियों ने इन्हें रोकने की कोशिश की, तो पहले कहासुनी हुई। फिर पुलिस और गुर्जर समाज के लोगों में जमकर धक्का-मुक्की हुई। विवाद बढ़ता देखकर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान सहित 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। इन्हें 3 बसों में भरकर पुलिस लाइन ले गई। कई थानों की पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। निगरानी के लिए 5 ड्रोन भी उड़ाए। दरअसल, आज गुर्जर प्रतिहार वंश के शासक सम्राट मिहिर भोज की जयंती है। इस मौके पर गुर्जर समाज के लोग यात्रा निकाल रहे थे सोमवार को विधायक अतुल प्रधान, मुखिया गुर्जर, आकाश गुर्जर, कुलविंदर सहित समाज के तमाम नेता और युवा मवाना महादेव मंदिर पर जुटने लगे। महादेव मंदिर पर पहले से ही काफी संख्या में फोर्स तैनात थी। यहीं रढ देहात, एसडीएम भी थे। गुर्जर समाज के लोगों को शिव मंदिर से लगभग 2 किमी दूर चौराहे पर सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति पर माल्यार्पण करने जाना था। इस 2 किमी की दूरी को गुर्जर नेता पूरे शक्ति प्रदर्शन, यात्रा के रूप में तय करना चाहते थे। पुलिस, प्रशासन ने माल्यार्पण करने को कहा, लेकिन यात्रा की इजाजत नहीं दी। नेता अड़ गए कि हम पूरे जुलूस के रूप में ही सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति तक जाएंगे। बाद में पुलिस, प्रशासन ने कहा कि बसों में बैठकर शांति से सभी लोग मूर्ति तक जाएं और माल्यार्पण कर लें। लेकिन समाज के लोग नहीं माने। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का कहना है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। रैली का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। यात्रा निकाली गई, तो विरोध किया जाएगा। इस संबंध में पहले ही डीएम को लेटर दिया जा चुका है। यात्रा से पहले ही प्रशासन ने 20 से ज्यादा लोगों को रेड कार्ड यानी चेतावनी जारी की थी। थाना प्रभारी मवाना ने बताया कि जुलूस यात्रा के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं दी गई है। जिले में धारा-144 लागू है। इस तरह का आयोजन शासन से दिए गए निर्देशों का उल्लंघन है। राज्यमंत्री दिनेश खटीक का कहना है कि सोमवार को कोई यात्रा नहीं निकाली जाएगी। सभी लोग सीधे थाना तिराहे पर पहुंचकर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लौट जाएंगे। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण का कहना है कि मूर्ति पर माल्यार्पण का आयोजन था।

बलरामपुर के सोहेलवा वन्य जीवों पर नेपाली शिकारियों की नजर

- एसएसबी व वन विभाग की टीम ने नेपाली शिकारी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर में भारत-नेपाल सीमा से सटे जंगल सुहेला वन जीव प्रभाग पर नेपाली शिकारी ने नजर गड़ा दी है। सीमा पर तैनात एसएसबी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने भारतीय जंगल में वन्य जीवों का शिकार करने आए एक नेपाली शिकारी को मय असलहा के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि एसएसबी 50 वाहिनी सीमा चौकी छोटका भुकरवाह के प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह और फॉरेस्ट गार्ड विजय कुमार चौधरी, मयंक सिंह के साथ नेपाल सीमा के पास चेकिंग कर रहे थे। सीमा चौकी छोटका भुकरहवा एवं वन विभाग के संयुक्त गश्ती दल को सीमा स्तंभ संख्या 585/12 के नजदीक नेपाल से भारतीय सीमा के अंदर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। एसएसबी जवानों द्वारा उसे रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक देसी बंदूक सिंगल बैरल, 50 ग्राम बारूद, 70 आयरन बाल, 68 आयरन रॉड, 44 एल्युमिनियम के सिक्के, स्टील रॉड, एक कैची, एक कंबल 39 पटाखे, एक काली टोपी एवं 50 ग्राम पोटाश बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान शिकारी ने अपना नाम सफर बताया है।

खास समाचार

वर्षा वास के बाद भिक्षु संघ की विदाई, जनसहयोग से बुद्ध विहार के विकास पर जोर

अमेठी। सिरमौर बुद्ध विहार सोइया में आठ दिवसीय वर्षा वास का समापन मंगलवार की देर शाम हुआ। समापन के समय भिक्षु संघ को भोजनदान, फलदान और द्रव्य दान के साथ सम्मान पूर्वक विदा किया गया। बुद्ध विहार सोइया के विकास और सौन्दर्यीकरण के लिए जनसहयोग बढ़ाने और निरंतर बैठकों का आयोजन करने की कार्ययोजना तैयार की गई। आठ दिवसीय वर्षा वास कार्यक्रम में धम्मदेशना में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। भंते शीलवंत, भंते प्रज्ञा दीप भंते, धम्मदीप भंते त्रिरत्न, भंते बुद्ध वंश और भंते गौतम प्रकाश ने भगवान बुद्ध और उनका धम्म विषय पर विस्तार से संवाद किया। बुद्ध विहार प्रबंध समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भिक्षु संघ ने सबके सुखी , स्वस्थ और निरोग रहने की मंगल? कामना की। प्रबंध समिति की ओर से भंते प्रज्ञा मित्र, सचिव राम फल फौजी, संजीव भारती, कोषाध्यक्ष राम टहल बौद्ध, डा नन्हे लाल , संजय कुमार, राम प्रताप बौद्धाचार्य, सूरज भारती, किसुन पाल, ललित कुमार, राम चन्द्र सरस, श्याम कुमार आदि ने बुद्ध विहार कमेटी को तन मन धन से सहयोग करने वाले धम्म बंधुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। ग्राम प्रधान अर्चना यादव, शिव प्रताप यादव और उनके परिवार के लोगों ने बुद्ध विहार सोइया तक रास्ते का निर्माण शीघ्र कराने का भरोसा दिया है। सचिव राम फल फौजी ने बताया कि कमेटी की ओर से शीघ्र समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी और आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुते से टकराई बाइक , एक की मौत, एक घायल

बाइक सवार लखनऊ से आजमगढ़ घर जा रहे थे

भटमऊ के पास हुआ हादसा

शुकुल बाजार, अमेठी, शुकुल बाजार थाना क्षेत्र से होकर गुजर रहे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भटमऊ के पास कुत्ते से टकरा कर बाइक अनियंत्रित होकर फिसलकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार लखनऊ से आजमगढ़ घर जा रहे थे। प्राप्त विवरण के मुताबिक जनपद आजमगढ़ के थाना महाराज गंज के चांदपुर गांव निवासी शुभम यादव अपने गांव निवासी मनोज यादव के साथ बाइक से देर शाम थाना क्षेत्र के भटमऊ के समीप से होकर गुजर रहा था। तभी बाइक के सामने कुत्ता आ गया और बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में मनोज यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शुभम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को यूपीडा के एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया बताया जा रहा है कि बाइक सवार लखनऊ से अपने घर आजमगढ़ की ओर जा रहे थे।

अवैध शराब तथा लड़ाई झगड़ा के विवादों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। गत दिवस थाना कल्यानपुर के ग्राम गुगौली निवासी महिपाल पुत्र बाबूराम (52 वर्ष) को बक्सर रोड से 19 अदद पावर हाउस यूपीएमएल मसाला क्वाटर के साथ पुलिस ने पकड़ा। वहीं दूसरी ओर थाना औंग के ग्राम सादीपुर निवासी वीरू यादव उर्फ प्रशांत पुत्र स्व0 देवचन्द को सदीपुर टावर के पास से 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया । दोनों को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया इसी प्रकार जनपद के कोतवाली बिंदकी कस्बे के लाहौरी मोहल्ले में महिला शाहीन बेगम के साथ मारपीट करने के आरोपी अबरार उम्र 46 वर्ष मोहम्मद सैफ उम्र 20 वर्ष ईस उम्र 50 वर्ष निवासी लाहौरी मोहल्ला लाहौरी कस्बा बेन की जनपद फतेहपुर को बुधवार को दिन में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया।

ज्वार की खरीद 01 अक्टूबर से प्रारम्भ

अमेठी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने अवगत कराया है कि जनपद में आगामी ज्वार की खरीद 01 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य ज्वार हाईब्रिड रू0 3180 प्रति कु0 एवं ज्वार मालदंडी रू0 3225 प्रति कु0 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जनपद अमेठी में ज्वार खरीद हेतु खाद्य विभाग के 03 क्रय केन्द्र जगदीशपुर, मुसाफिरखाना एवं शुकुल बाजार में स्थापित किये गये है तथा सभी किसान अपने ज्वार की उपज उपरोक्त क्रय केन्द्रों पर विक्रय कर सकते है। उन्होंने बताया कि ज्वार की उपज विक्रय करने हेतु खाद्य एवं रसद विभाग के विभागीय पोर्टल f२.४स्त्र.ॅङ्ग५.ल्ल अथवा यू0पी0 किसान मित्र पर ज्वार विक्रय हेतु पंजीकरण निःशुल्क कराया जा सकता है एवं पंजीकरण साइबर कैफे पर जाकर अथवा अपने लैपटाप/कम्प्यूटर/मोबाइल के माध्यम से किया जा सकता है तथा किसान का बैंक खाता आधार सीडेड एवं बैंक द्वारा एन0पी0सी0आई0 पोर्टल पर मैप होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु किसान का वर्तमान संचालित मोबाइल नम्बर आधार पर मैप होना चाहिए एवं भूमि की खाता संख्या का विवरण उपलब्ध होना चाहिए तथा किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर-18001800150 या जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी-8004113093, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी संतोष कुमार-9450771144, विपणन अधिकारी राम प्रकाश-9452499433, सुरेन्द्र कुमार-8736817840 एवं पंकज कुमार-9511161665 तथा कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी के 8528126280 से सम्पर्क कर सकते है।

ऑनलाइन के बाद भी दलाल मुक्त नहीं हुआ एआरटीओ ऑफिस

अंबेडकरनगर । लाख कोशिश के बावजूद परिवहन विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था दलालों के माकड़जाल को ध्वस्त नहीं कर सकी। यही वजह है कि कार्यालय में दलाल सक्रिय है। इनकी सक्रियता का आलम यह है कि हर काम के लिए आवेदक आज भी दलालों के आगे पीछे घूमते नजर आ रहे है। जिस काम के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क 500 रुपए है वहीं काम को कराने के लिए दलाल कार्यालय के सामने बने साइबर कैफे से ऑनलाइन प्रक्रिया कराकर एक से डेढ़ हजार रुपए वसूल रहे है। परिवहन विभाग के अधिकारी बतातें है कि ऑनलाइन व्यवस्था की आधी अधूरी जानकारी होने पर आवेदक दलालों के संपर्क में आ जाते है। जबकि कार्यालय के अंदर ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस आधार पर आवेदक चाहे तो घर बैठे अपना काम आसानी से निपटा सकते है।ऑनलाइन व्यवस्था के तहत असफल ट्रांजेक्शन अथवा आवेदन शुल्क ज्यादा जमा होने पर रिफंड की सुविधा नहीं है। जबकि रेलवे में ऑनलाइन व्यवस्था के तहत एक सप्ताह में रिफंड खाते में आ जाता है। ऐसे में परिवहन विभाग से पैसा वापस लेने के लिए ट्रेजरी से धनराशि की रिफंड कराने में काफी वक्त लगता है इससे आवेदक परेशान होते है। नाम न छापने की शर्त पर कार्यालय के कर्मचारी बतातें है कि दलाल विभाग के लिए मजबूरी बन चुके हैं। वजह साफ है कार्यालय में आवेदकों की भीड़ बढ़ रही है और कर्मचारी सेवानिवृत होकर कम होते जा रहे है। दो दशकों से कर्मचारियों की भर्ती हुई नहीं है। ऐसे में कार्यालय के अधिकांश काम दलालों पर ही निर्भर है। एआरटीओ कार्यालय के बाहर खड़े एक युवा ने बताया कि मैं यहां लाइसेंस बनवाने आया था, तो यहां कार्यालय के अंदर बैठे ही एक व्यक्ति ने मुझे दलाल के बारे में बताकर उससे मिलने के लिए कहा, चूंकि यहां आने पर मुझे भी कुछ समझ नहीं आ रहा था, इस कारण मैंने भी दलाल को भी पैसा देना मुनासिब समझा। एआरटीओ बीडी मिश्र का कहना है कि मेरे कार्यालय के अंदर दलाल नहीं केवल बाबू काम करते हैं। कार्यालय के बाहर कौन घूम रहा है इसके बारे में हमें नहीं पता

वृहद स्वयं सहायता समूह ऋण महोत्सव आयोजित

अमन लेखनी समाचार

केनरा बैंक द्वारा बुद्धा रिसर्च इंस्टीट्यूट, विपिन खंड गोमती नगर लखनऊ के प्रांगण में वृहद स्वयं सहायता समूह ऋण महोत्सव आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं केनरा बैंक के संस्थापक अम्मेंबल सुब्बाराव पाई को पुष्प अर्पित कर किया गया क साथ ही सरस्वती वन्दना का गायन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक कुमार अग्रवाल महाप्रबंधक ,केनरा बैंक ने की तथा कार्यक्रम में ,उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टेट मिशन मैनेजर मोहम्मद मुस्तफा , केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के उपमहाप्रबंधक लोकनाथ , क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ १ के क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार अस्थाना तथा क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ २ के क्षेत्रीय प्रमुख वेद प्रकाश ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में केनरा बैंक द्वारा 500 से अधिक स्वंय सहायता समूहो को 7.50 करोड़ से अधिक ऋण राशि की स्वीकृति प्रदान की गई । इससे 5000 से अधिक महिलाये लाभान्वित हुई। बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह सदस्यो ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ।

अपने स्वागत सम्बोधन में केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने कहा स्वयं सहायता समूहों की अवधारणा एकता, दृढ़ संकल्प और सामूहिक विकास की भावना का प्रतीक है। इन समूहों ने न केवल अपने सदस्यों के जीवन में सुधार किया है, बल्कि अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बने हैं। केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के उपमहाप्रबंधक लोकनाथ ने पंचसूत्रों की विस्तृत व्याख्या की तथा स्वयं सहायता समूहों को पंचसूत्र पालन करने हेतु प्रेरित किया, इसी क्रम में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के साथ अपने कायार्नुभव भी साझा किये।

क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ- 2 के सहायक महाप्रबंधक वेद प्रकाश ने कहा कि छोटे व्यवसाय शुरू करने से लेकर कृषि पद्धतियों में सुधार करने तक, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ ने दिखाया है कि महिलाएं जब एकजुट हो जाएँ तो अविश्वसनीय परिवर्तन संभव हैं। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टेट मिशन मैनेजर मोहम्मद मुस्तफा ने समूहो को बैंकिंग आदतों मे सुधार करने तथा ससमय बैंक ऋण अदायगी से होने वाले फायदों के बारे मे जानकारी दी । कार्यक्रम के अध्यक्ष केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल ने उपस्थित लगभग 300 महिलाओं को छोटे बिजनेस शुरू करके उन्हे बड़ा बनाने के गुर सिखाये तथा कहा कि समाज का वित्तीय हृदय होने के नाते केनरा बैंक सदैव ही समाज की उन्नति का भागीदार रहा है ,और आज का कार्यक्रम हमारी इसी परम्परा की एक कड़ी मात्र है। उन्होने कहा कि केनरा बैंक पात्र स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता उप्लब्ध कराने के लिये हमेशा तत्पर है। केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के मण्डल प्रबन्धक अश्वनी कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

खंड विकास अधिकारी ने नगर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। ग्राम पंचायत नागर ब्लॉक बामौर में बुधवार सुबह खंड विकास अधिकारी गणेश कुमार, एपीओ दीपक कुमार, सचिव ब्रजेश कुमार, तकनीक सहायक महेंद्र नामदेव, रोजगार सेवक राजेश कुमार, ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में अधिकारियों ने छेच नदी पुनरुद्धार कार्य का निरीक्षण किया। साथ-साथ ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओं का भी निरीक्षण किया जिसमें गौशाला ,शमशान घाट, निरीक्षण करते हुए कार्य को देखकर खुशी प्रकट की। साथ ही उन्होंने छैच नदी में जल्द से जल्द काम प्रारंभ करने सीमांकन करने एवं वृक्षारोपण हेतु तेजी लाने के लिए कहा।

प्राथमिक विद्यालय अब नए कलेवर में बच्चो को कर रहे तैयार,निपुण भारत मिशन की पहल

अमेठी। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय परिसर महसों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महसों में ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अभिभावकों से निपुण भारत मिशन, विद्यालयों का कायाकल्प, डीबीटी योजना आदि पर संवाद स्थापित करते हुए उन्हें विद्यालय को सहयोग प्रदान करने हेतु अपील की गयी। निपुण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म मथा निपुण लक्ष्य एप, दीक्षा एप, रोड एलांग एप आदि का समुदाय द्वारा प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में निपुण बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। शासन द्वारा कक्षा वार निर्धारित निपुण लक्ष्यों भाषा में 2 अक्षर वाले शब्दों सरल शब्दों का पढ़ना, कक्षा 2 हेतु 45 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ना कक्षा 3 हेतु 60 शब्द प्रति मिनट प्रवाह की दर से पढ़ना आदि थ संवाद स्थापित किया गया। डीबीटी धनराशि से बच्चों हेतु सामग्री क्रय हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक क्वॉलिटी समन्वयक पल्लवी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजेश कुठे मिश्र, एआरपी एवं राकेश कुमार तिवारी व संतोष यादव वोडल संकुल, विक्रमप्रसाद गौतम, गया प्रसाद, संत कुमार मिश्र, रवि श्रीवास्तव संयुक्त शिक्षक, ग्रामप्रधान शान्ती शकुन्तला, देवी के साथ अभिभावक राजनारायण यादव,छोटेलाल कश्यप, नन्हे लाल, गौरी आदि उपस्थित रहे। कार्य क्रम का संचालन चन्द्रजीत यादव ने किया।

अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

– निष्पक्ष जांच की मांग,जनहित की मांग उठाई

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जनपद अमेठी को जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी ने सौपा। जनहित में संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज अमेठी के स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराए जाने के लिए ज्ञापनेज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से आपका ध्यान अमेठी जनपद में वर्षो से अमेठी सहित आसपास के जनपदों के लाखों लोगों की सेवा दे रहे मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का शासन - प्रशासन के दबाव में प्राकृतिक न्याय एवं विधि व्यवस्था की अवहेलना करते हुए रजिस्ट्रेशन निलंबित करने के संदर्भ में आकृष्ट कराना चाहते हैं ज्ञात हो कि अमेठी के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में दिनांक 14 सितंबर 2023 को दिव्या शुक्ला पत्नी अनुज शुक्ला निवासी रामशाहपुर पांडे का पुरवा थाना मुसाफिरखाना के पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन होने वाला थो ऑपरेशन से पहले मरीज को एनेस्थीसिया का इंजेक्शन लगाया गया इसके कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई विगत 15 सितंबर को अस्पताल द्वारा तबीयत में सुधार न होने के कारण मरीज को रेफर कर दिया गया मरीज के परिजन मरीज को लेकर लखनऊ के मेदांता अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दियो कोई भी अस्पताल या डॉक्टर यह नहीं चाहता है कि उसके मरीज के साथ कोई अप्रिय घटना हो यह घटना बहुत ही दुखद है इस घटना से हम सभी बहुत आहत हैं दुख के इस घड़ी में हम सभी परिजनों के साथ खड़े हैं हम भी चाहते हैं कि परिजनों को न्याय मिले और उक्त प्रकरण की जांच हो लेकिन सिर्फ एक दुःखद घटना के आधार पर किसी ऐसे अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है अमेठी के सीएमओ के द्वारा 17 सितंबर पत्रांक संख्या मु.चि.अ. हॉस्पिटल/नोटिस 2023-24/3798 के माध्यम से उक्त प्रकरण पर जांच के लिए तीन सदस्य जांच कमेटी बनाकर एक कारण बताओं नोटिस दिया जिसमें अस्पताल प्रबंधन को 3 माह के अंदर नोटिस में दिए गए बिंदुओं पर जवाब देने का समय दिया गया लेकिन 24 घंटे बाद ही 18 सितंबर को सीएमओ अमेठी के द्वारा पत्रांक संख्या मु.चि.अ. हॉस्पिटल/ रजिस्ट्रेशन निलंबन 2023-24/3813 के द्वारा संजय गांधी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया गयो आनन फानन में जिस प्रकार से सीएमओ अमेठी ने अस्पताल के लाइसेंस का निलंबन आदेश दिया गया है वह मानवता के खिलाफ है ऐसा लगता है यह आदेश किसी दुर्भावना से ग्रसित होकर दिया गया हो उक्त प्रकरण पर जनहित को देखते हुए सीएमओ अमेठी ने जो आदेश 18 सितंबर को दिया गया है उसे निरस्त करने की कृपा करें तथा मैरिज दिव्या शुक्ला के निधन के प्रकरण में थाना मुंशीगंज में जो फिर दर्ज किया गया इसकी निष्पक्ष जांच विषय विशेषज्ञों से विधि सम्मत ढंग से कर के उचित कार्यवाही किया जाऐ

ज्ञापन का नेतृत्व अमेठी जिला कोंग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमेठी प्रभारी विवेकानंद पाठक ने कहा कि जनहित के इस मुद्दे पर शीघ्र कार्यवाही नही हुईं तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय अमेठी के जन आंदोलन के इस मुद्दे को प्रेस के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराएँगे ।अमेठी के मुख्य चिकित्साधिकारी के विरुद्ध व जनहित को लेकर वार्ता करेंगे ज्ञापन के दौरान दीपक सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्र, मुन्ना सिंह,टी एन त्रिपाठी, जिला महामंत्री ,मीडिया प्रभारी अनिल सिंह,ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव,राकेश मिश्र, अर्जुन पासी,शकील इदरिशी, सुनील सिंह,देवेंद्र सिंह, रामदत्त यादव, कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल, सावीना, रामबरन कश्यप,मतीन,किरन, रमाकांती प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल,सहित भारी भीड कांग्रेस जन की मौजूद रही।

प्रथम आगमन पर जिला अध्यक्ष का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

बीजेपी कार्यालय में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के जिला अध्यक्ष के साथ बीजेपी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के अमौली कस्बे में प्रथम आगमन होने पर भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के साथ क्षेत्रीय जनता जनार्दन का जन सैलाब उमड पड़ा कस्बे पहुंचे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाल का अमौली चौराहे पर वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्रनाथ उमराव सत्य प्रकाश शुक्ला जगनायक सिंह गौरी शंकर अवस्थी समेत सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया वहीं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का रथ भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय पहुंचा जहां मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाल एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत हुआ दोनों जनप्रतिनिधियों की अगवानी मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर डॉ राम भक्त वर्मा अशरफ खान समेत भारी संख्या में पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ किया वहीं भाजपा कार्यालय में बैठक कर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी वयोवृद्ध एवं युवा समर्थकों एवं पदाधिकारी का कुशल क्षेम पूछते हुए पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी चचाएँ की अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं ग्राम प्रधान पति बंटू सोनकर के साथ समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता ने आए हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाल जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल भाजपा नेत्री मोना शुक्ला समेत सभी का माल्यार्पण तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया वहीं डॉक्टर राम भक्त वर्मा ने अंग वस्त्र के साथ मुख्य अतिथियों को सुसज्जित किया मुख्य अतिथियों के आगमन पर संपूर्ण परिसर में जय श्री राम की के नारे गुंजायमान होते रहे

14 युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

नानपारा ,बहराइच । भाजपा युवा मोर्चा की नानपारा विधानसभा की नगर, शिवपुर एवं रजवापुर मण्डल की टीम द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। नगर अध्यक्ष नानपारा रोहित चौरसिया,रजवापुर अंकुर तिवारी व शिवपुर संजय बाजपेई के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाये गये रक्तदान शिविर में 14 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नागेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान और पुण्य कार्य नहीं है। इस मौके पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।रक्तदान शिविर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ चंद्रभान राम के देखरेख में सम्पन्न हुआ.शिविर को सम्पन्न कराने के डॉक्टर अली मेहदी चिकित्साधिकारी,प्रवीन चंद्र, आशुतोष पाठक, अम्ब्रीस कुमार सिंह,दया पाल,विकास सिंह मौजूद रहे रक्तदान करने वालो में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष रोहित चौरसिया सहित अभिषेक पाठक,मोहित सिंह,धर्मेंद्र साहू,यशवंत सिंह,राजेश कुमार,उमेश कुमार,हिमांशु सिंह,रोहित, मोहित गुप्ता,अपूर्व श्रीवास्तव,कमलेश साहू,ऋषभ अग्रवाल,अंकित रस्तोंगी,सत्यार्थ मदेशिया शामिल रहे इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, आनंद रस्तोगी, विपिन सिंह,संतोष कुमार पोरवार,मीडिया प्रभारी पुनीत श्रीवास्तव, सुनील सिंह, सभासद अक्षत त्रिवेदी,जैकी शर्मा, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे

जरूरतमंद व्यक्ति की जरूरत पर की गई सहायता से बड़ा कोई दूसरा उपकार नहीं - गोप

अमन लेखनी समाचार

बाराबंकी। जरूरतमंद व्यक्ति की जरूरत पर की गई सहायता से बड़ा कोई परोपकार नहीं हो सकता। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विगत दिनों शहर में आई भीषण बाढ़ की चपेट में आए नागरिकों के निशुल्क इलाज के लिए मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ, रेजिडेंसी हॉस्पिटल लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी की देखरेख में नगर पालिका परिषद नवाबगंज में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह वर्मा की उपस्थिति में फीता काट कर उद्घाटन करते हुए उपस्थित डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ के बीच में कहीं, पूर्व मंत्री ने निशुल्क जांच शिविर मे पधारे डॉक्टर और स्टाफ का इस पुनीत कार्य के लिए उत्सवर्धन करते हुए कहा आपकी इस पायल की जितनी सराहना की जाए कम है आप सबकी अच्छी सोच से नगर के तमाम जरूरतमंद परिवार लाभान्वित होंगे जो आपको आजीवन दुआ देंगे आप किसने काम के लिए जितनी आपको बधाई दी जाए उतनी कम है। जांच शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, अजय वर्मा अज्जी, सभासद ताज बाबा, पंकज मिश्रा, दीपक गुप्ता, बाबुल मिश्रा, मोहम्मद आदिल, महेश जैसवाल, पवन शुक्ला मोहम्मद सलमान सल्लू, सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केन्द्रीय मन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन विधायक को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच । शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने के सम्बन्ध में वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन अपना दल (एस) विधान मंडल दल के नेता विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा को सौंपा। राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, तथा बलहा इकाई अध्यक्ष डी० डी० पटेल, प्रदीप कुमार वर्मा ने विधायक आवास पर पहुंच कर प्रदेश के शिक्षकों तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक बुढ़ापा व्यतित कर सकने का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल किये जाने का अनुरोध किया। ज्ञापन को पढ़ कर अपना दल विधान मंडल दल (एस) के नेता रामनिवास वर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश के शिक्षकों व कर्मचारी हितों का ख्याल रखते हुए पुरानी पेंशन बहाली को वह अपने लैटर पैड पर पत्र लिख कर स्वयं केन्द्रीय मंत्री से व्यक्तिगत भेंट करेंगे। विधायक नानपारा द्वारा शिक्षकों व कर्मचारियों के मुद्दे पर सकारत्मक रवैये पर संगठन के पदाधिकारियों ने आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

अमन लेखनी

(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

निपाह वायरस रखें सही जानकारी बरतें जरूरी सावधानियां

पिछले दिनों केरल में निपाह वायरस से संक्रमण के कुछ केसेस सामने आए थे। हालांकि अब कंडीशन कंट्रोल में है, लेकिन इसके संक्रमण के कारण, लक्षण और सावधानियों के बारे में हम सभी को पता होना चाहिए।

मेडिकल सजेशन

डॉ. अभिषेक शुक्ला
सीनियर फिजीशियन-कार्डियोलॉजिस्ट
इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली

पिछले दिनों देश में निपाह वायरस की चर्चा हो रही थी। जब से इस वायरस ने केरल में दस्तक दी और कुछ लोग इससे संक्रमित हुए हैं, तभी से इससे जुड़ी जानकारियां और इससे बचाव के उपायों पर जोर दिया जा रहा है। निपाह वायरस के ताजा मामले फिलहाल केरल तक सीमित हैं लेकिन लोगों को अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि यह कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक है और अभी तक इसका कोई इलाज भी संभव नहीं है।

क्यों खतरनाक है निपाह : हाल के मामलों से पहले केरल में 2018 में इस वायरस की पुष्टि हुई थी। निपाह वायरस को इसलिए खतरनाक माना जाता है क्योंकि यह कई तरह से फैलता है। रिसर्च पेपर्स में जानवरों से इंसानों में और इंसानों से इंसानों में इसके संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। यह सुअर और चमगादड़ जैसे जानवरों या उनके फ्लूड से फैलता है। निपाह वायरस का किल रेट काफी ज्यादा है यानी संक्रमण होने के बाद मौत का खतरा काफी बढ़ जाता है।

संक्रमण के तरीके : विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार निपाह वायरस जानवरों के जरिए इंसानों में फैलता है। कई बार ये खाने-पीने की वस्तुओं के जरिए और दूसरे संक्रमित इंसानों से भी फैलता है। निपाह वायरस के लक्षण दो से तीन दिन में दिखने लगते हैं। अगर संक्रमित जानवर के शारीरिक द्रवों (लार या खून) के संपर्क में कोई इंसान आए तो इंफेक्शन हो सकता है। फ्रूट बैट्स (एक प्रकार की चमगादड़ प्रजाति) को निपाह वायरस का मुख्य वाहक माना जाता है। चमगादड़ों के मुंह लगाए फल खाने से भी किसी इंसान को निपाह वायरस का इंफेक्शन हो सकता है। इंसानों से इंसानों में संक्रमण फैलने के भी मामले आए हैं।

इंफेक्शन के लक्षण : इंसानों में निपाह वायरस के संक्रमण के लक्षण संक्रमित होने के 5 से 14 दिनों में दिखने लगते हैं। शुरुआती लक्षणों में सिरदर्द और बुखार शामिल हैं। कुछ मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होती है। इसके साथ थकान, मानसिक भ्रम जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। 24 से 48 घंटों में ये लक्षण मरीज को कोमा में पहुंचा सकते हैं। इसके बाद इंसेफेलाइटिस (दिमाग फूल जाना) और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (ऐसी स्थिति जिसमें फेफड़ों की हवा की थैलियों में तरल जमा हो जाने के कारण अंगों को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है) हो जाता है। इससे संक्रमित मरीज की मौत इन्हीं दो वजहों से होती है।

बचाव के उपाय : सबसे पहले यह जान लेना आवश्यक है कि निपाह वायरस का न कोई इलाज है और न ही इसके इलाज के लिए कोई वैक्सीन अब तक बन पाई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन स्थानों पर निपाह का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है, वहां की यात्रा करने से बचना चाहिए। इसके अलावा अन्य सावधानी जैसे-हाथों को समय-समय पर धोते रहें। फलों-सब्जियों के सेवन से पहले उसे अच्छी तरह से साफ कर लें। पक्षियों या जानवरों के चखे फल न खाएं। चमगादड़ और अन्य पक्षियों से दूरी बनाए रखें। चमगादड़ से प्रभावित इलाकों में बनी ताड़ी का सेवन न करें। चूंकि निपाह वायरस भी कोविड की तरह इंसानों से इंसानों में फैल सकता है, इसलिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। अतिरिक्त सावधानी के लिए डबल मास्क पहनें। *

प्रस्तुति : नीलम शुक्ला देवांगन

कभी-कभार कोई बात या घटना भूलना सामान्य है लेकिन जब व्यक्ति हर बात भूलने लगे तो यह अल्जाइमर के संकेत हो सकते हैं। ओल्ड एज के लोगों में इसकी आशंका ज्यादा होती है। आज वर्ल्ड अल्जाइमर-डे के मौके पर हम आपको इस बीमारी के लक्षणों, इसके होने के कारणों, बचाव और पेशेंट की देखभाल के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

ओल्ड एज में बढ़ता है अल्जाइमर का रिस्क

वर्ल्ड अल्जाइमर्स-डे स्पेशल

डॉक्टर्स एडवाइस

अल्जाइमर, दिमाग की एक गंभीर बीमारी है। यह बीमारी ज्यादातर 55-60 साल की उम्र के बाद के लोगों में देखने को मिलती है। लेकिन हाल के वर्षों में 35-40 साल की उम्र के कुछ लोगों में भी यह समस्या देखने को मिलने लगी है। अल्जाइमर की खोज सबसे पहले जर्मनी के एक साइकिएट्रिस्ट और न्यूरोलॉजिस्ट एलोइस अल्जाइमर ने 1906 में की थी। इसी कारण इस बीमारी का नाम अल्जाइमर रखा गया। अल्जाइमर में व्यक्ति को बहुत ज्यादा देख-रेख करने की जरूरत होती है, इसको लेकर लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए हर साल 21 सितंबर को पूरी दुनिया में अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इसके रोगियों की अच्छे से देखभाल करने के लिए इसके लक्षणों को और कारणों को समझना बहुत जरूरी है।

बीमारी के शुरुआती लक्षण

अल्जाइमर बीमारी इंसान के मस्तिष्क की कोशिकाओं को नष्ट कर देती है और इससे रोगी की याददाश्त कमजोर होने लगती है। हालांकि शुरुआती स्तर पर यह ज्यादा खतरनाक नहीं होती है। इस बीमारी के शुरुआत में व्यक्ति को थोड़ी-थोड़ी भूलने की समस्या होने लगती है जैसे- अतीत में घटित कोई घटना भूल जाना, लोगों के नाम याद ना आना। उसके बाद अल्जाइमर रोग में भ्रम की स्थिति और बढ़ने लगती है। रोगी अपने दोस्तों को, अपने परिवार के सदस्यों को भी भूलने लगता है, उसके दैनिक कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होने लगती है, जैसे- वह बेचैन होने लगता है, उसे खाना खाने में, नहाने-धोने में भी परेशानी होने लगती है।

लक्षणों को न करें इग्नोर

अल्जाइमर के लक्षणों के बारे में गुरुगाम स्थित नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में कंसल्टेंट-न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. रजत चोपड़ा** बताते हैं, 'अल्जाइमर के लक्षणों की शुरुआत ही भूलने की समस्या से होती है। जैसे-जैसे रोग बढ़ता है, व्यक्ति धीरे-धीरे भूलने की प्रवृत्ति की ओर बढ़ता जाता है। आमतौर पर ऐसी कंडीशन में परिजनों को लगता है कि यह उसकी बढ़ती उम्र के कारण हो रहा है। लेकिन यदि यह प्रवृत्ति अधिक बढ़ने लगे जैसे वह कहीं जा रहा है और सामान्य रास्ते को भूल जाए, जिसे वह जानता हो या फिर वह अपनी कार से कहीं गया हो और वापस आते समय कार को भूल जाए और टैक्सी से चला आए। इसी तरह अगर रोगी अपने किसी अच्छे दोस्त का नाम भूल जाए या फिर उसे उसका चेहरा भी याद ना हो तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसी कंडीशन को इग्नोर करने पर रोगी की समस्या और बिगड़ सकती है। भूलने के कारण वह अपने दैनिक कार्यों को नहीं कर पाता है, उसकी जबान लड़खड़ाने लगती है और वह किसी भी बात को सही तरीके से नहीं कह पाता है। हर बात को कहने में अटकने लगता है और अटक-अटक कर ही बात करता है। अल्जाइमर रोगी की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगती है। ऐसे में तुरंत मेडिकल ट्रीटमेंट करवाना चाहिए।'

अल्जाइमर के कारण

अल्जाइमर के कारणों पर बात करते हुए दिल्ली स्थित धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट, न्यूरोलॉजिस्ट, **डॉ. अमित श्रीवास्तव** बताते हैं, 'अल्जाइमर की बीमारी के कारणों को जानने के लिए वैज्ञानिकों ने बहुत स्टडीज की हैं। इस आधार पर कई कारण सामने आए हैं। ये कारण इस प्रकार हैं-

नींद की कमी, चिंता या फिर डिप्रेशन के कारण : आजकल काम को लेकर लोगों का रुटीन बदल गया है। बहुत से लोग कई दिनों तक अच्छी नींद नहीं ले पाते या फिर उनका नींद का चक्र सही से पूरा नहीं हो पाता है। दिनचर्या बदलने से भी उनको नींद सही समय पर नहीं आती और इस कारण उन्हें अल्जाइमर होने का रिस्क बना रहता है। इसके अलावा कुछ लोग किसी काम को लेकर बहुत चिंता या फिर तनाव में रहते हैं। ऐसी कंडीशन काफी दिनों तक बनी रहती है तो भी उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ने से अल्जाइमर की बीमारी होने की आशंका बढ़ती है।

सिर में दर्द के कारण : यदि किसी व्यक्ति को सिर दर्द की समस्या लगातार बनी रहती है तो आगे चलकर माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कई बार यही समस्या अल्जाइमर की बीमारी बन सकती है।

वंशानुगत : यदि परिवार में किसी सदस्य को पहले अल्जाइमर की बीमारी हो चुकी है, तो फिर अन्य लोगों में भी यह बीमारी होने का रिस्क बना रहता है। इनके अलावा मोटापा, विटामिन बी-12 की कमी, मधुमेह, अनियमित जीवनशैली, देर तक सोने और रात में देर तक जगने के कारण, खाद्य पदार्थों में पोषण की कमी जैसे कारणों से भी अल्जाइमर का रोग हो सकता है।' इन कारणों के बारे में जानकर आप इससे बचाव के संभव प्रयास कर सकते हैं। *

प्रस्तुति : सेहत फीचर्स



ऐसे करें केयर

अल्जाइमर की बीमारी ना हो इसके लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इस बारे में श्रीबालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट, स्पेशलिस्ट-न्यूरोलॉजी, **डॉ. संध्या कोचे** बताती हैं, 'इस बीमारी के होने का सबसे आम कारण आपके शरीर में पोषण की कमी और मस्तिष्क में कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि अल्जाइमर की बीमारी का कोई सटीक इलाज नहीं है लेकिन यदि रोगी की अच्छी देखभाल की जाए, उसका ख्याल रखा जाए, उसकी दिनचर्या नियमित रूप से सही हो, भरपूर पोषण युक्त भोजन दिया जाए, व्यायाम करवाया जाए, सुबह जल्दी उठने की आदत, रात को जल्दी सोने जैसी हैबिट्स पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है। यदि आप इस प्रकार से ख्याल रखेंगे तो इस रोग से बचे रहेंगे और रोगी की समस्या पर कुछ हद तक नियंत्रण पा सकते हैं, लेकिन पूरे तरीके से यह बीमारी खत्म नहीं होती है। इसके लिए आप डॉक्टर से जरूर परामर्श करें और उसी के अनुरूप मरीज का ख्याल रखें।' *



अगर आप सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के बारे में जानते हैं तो पादहस्तासन अलग से नहीं सीखना होगा। इसे नियमित करने से आपको फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ भी अच्छी रहेगी। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में जानिए।

फिजिकल-मेंटल हेल्थ सही रखे पादहस्तासन

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आपकी कमर का घेरा बहुत बढ़ गया है, किसी बात से चिंतित होने पर मन स्थिर नहीं होता, कंसंट्रेशन नहीं होता तो इन सभी समस्याओं के उपचार के लिए आपको पादहस्तासन करना चाहिए। यह न सिर्फ पेट के आस-पास जमा एक्सट्रा फैट को कम करता है बल्कि मन को भी मजबूती प्रदान करता है।

सूर्य नमस्कार की एक अवस्था : पादहस्तासन शब्द तीन शब्दों का मेल है। पाद जिसका मतलब होता है पैर, हस्त जिसका मतलब होता है हाथ, आसन यानी मुद्रा। वैसे पादहस्तासन सूर्य नमस्कार में शामिल 12 मुद्राओं में से तीसरी विशिष्ट मुद्रा है। पादहस्तासन करने से जांघ की मसल्स सही तरीके से स्ट्रेच होती हैं।

आसन की विधि : पादहस्तासन को सही तरीके से करने के लिए पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं और दोनों हाथों को धीरे-धीरे सिर से ऊपर ले जाकर ताड़ासन की मुद्रा बनाएं। फिर सांस को बाहर छोड़ते हुए कमर से शरीर को मोड़ें और नीचे की तरफ लगातार धीरे-धीरे झुकते जाएं। लेकिन इस दौरान इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि झुकते समय शरीर के ऊपर का हिस्सा आगे की तरफ और कमर से नीचे का हिस्सा बिल्कुल रॉड की तरह खड़ा रहे यानी कमर से नीचे के शरीर को जरा भी नहीं मोड़ना। अब अपने हाथों से दोनों पैरों को छूने



की कोशिश करें और इसी दौरान सिर को अपने घुटने पर लगाने की कोशिश भी करें।

इस तरह है फायदेमंद : इस आसन को करने के बहुत से फायदे हैं। सबसे बड़ा लाभ तो यह है कि यह आसन पेट के इर्द-गिर्द जमा होने वाली चर्बी को दूर करने में मददगार है। इसके अलावा यह हमारी आंतों को स्वस्थ बनाता है। आंतें स्वस्थ होती हैं तो पेट की दर्जनों समस्याओं से हमें मुक्ति मिल जाती है। जैसे, रह-रह कर पेट दर्द होना, पेट फूलने का भी एहसास होना, फूड एलर्जी आदि। साथ ही किसी को लगातार माइग्रेन की शिकायत होती है तो नियमित रूप से पादहस्तासन करने से माइग्रेन से छुटकारा मिल सकता है। पादहस्तासन करने से शांत रहने में मदद मिलती है और रिलैक्स होने का बेहतर एहसास लेना भी आ जाता है। जब शरीर आराम करने की कला जान जाता है तो हर तरह की परेशानियों में संतुलन भी अच्छी तरह से साध लेता है। इससे तनाव से मुक्ति मिलती है और कंसंट्रेशन भी बढ़ता है।

इन बातों का रखें ध्यान : ज्यादातर आसन सुबह के शुद्ध वातावरण में करना उपयुक्त होता है, लेकिन बहुत से लोगों को सुबह समय नहीं मिलता है। अगर आपको शाम को समय मिलता है तो भी यह आसन करने में कोई दिक्कत नहीं। इस बात का ध्यान रखें कि यह आसन करने में जबरदस्ती बिल्कुल नहीं करें। अगर सीधे खड़े होने पर बार-बार पैर मुड़ जाता है और पैर के जोड़ों से खट-खट की आवाज आती है, तो आसन को तुरंत बंद कर दें। वरना पैरों के जोड़ों में चोट लग सकती है। शुरुआत में यह आसन महज 2 से 3 सेकेंड ही करें। फिर जैसे-जैसे आपके शरीर में लय बनती है, वैसे-वैसे इसकी संख्या बढ़ाते रहें।

कम से कम छह बार दोहराकर, फिर धीरे-धीरे पहली मुद्रा में लौटें। इसके लिए सांसों को अंदर की तरफ खींचे और कमर को आहिस्ता-आहिस्ता सीधा करें। *

चलो एक कप कॉफी हो जाए .....

लीवर के लिए

एक रिसर्च में पाया गया है कि कॉफी लीवर के लिए भी फायदेमंद हो सकती है। कॉफी में पॉलीफेनोल, कैफीन और डिटेनपीनोइड होते हैं, जो लीवर को ठीक से काम करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही कॉफी के सेवन से शरीर में फैटी एसिड व हेपेटाइटिस (लीवर में सूजन) में कमी आती है।

कैंसर के लिए

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए, हर कोई इससे दूर रहना चाहता है। कॉफी का उपयोग कई तरह के कैंसर को दूर रखने का काम कर सकता है। इसमें एंटीकैंसर गुण पाए जाते हैं, जो विभिन्न तरह के कैंसर से आपकी रक्षा कर सकते हैं।

पार्किंसंस के लिए

पार्किंसंस ऐसा रोग है, जिसमें हाथ-पैर कांपने लगते हैं। कॉफी में पाए जाने वाले सक्रिय यौगिक लीवोडोपा को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इससे पार्किंसंस रोग के निवारण करने का काम कर सकता है।

डिप्रेशन के लिए

जब भी कोई डिप्रेशन में होता है, तो वह कॉफी पीने के बारे में सोचता है, क्योंकि कॉफी डिप्रेशन को दूर करने का काम कर सकता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जिसका सकारात्मक असर दिमाग पर होता है। इससे अवसाद को कम किया जा सकता है।

थकान के लिए

ब्लैक कॉफी के फायदे में से एक थकान को दूर करना भी है। कॉफी में एमिनोब्यूटिरिक एसिड (जीएबीए) पाया जाता है, जो तनाव और थकान से राहत दिलाने का काम कर सकता है।

शारीरिक क्षमता के लिए

कई कसरत करने वाले लोग शरीर के स्टैमिना को बढ़ाने के लिए कैफीन का उपयोग करते हैं। वहीं, कॉफी में कैफीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इसलिए, ऐसा कहा जा सकता है कि कॉफी के सेवन से शरीर की ऊर्जा को बढ़ाने में मदद मिल सकता है।

ब्लैक कॉफी का उपयोग

कैसे करें सेवन

कॉफी पाउडर को गर्म पानी या दूध में मिलाकर पिया जा सकता है।

कॉफी से चॉकलेट बनाकर खाई जा सकती है।

केक में कॉफी पाउडर मिलाकर सेवन किया जा सकता है।

ब्लैक कॉफी के नुकसान

कॉफी में कैफीन अधिक मात्रा अधिक होती है। अगर इसे अधिक मात्रा में लिया जाए, तो निम्न प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं:

दिल की धड़कन तेज हो सकती है।

चिंता का कारण बन सकती है।

नींद में कमी आ सकती है

उल्टी होने की समस्या हो सकती है।

बेचैनी बढ़ सकती है।

बार-बार पेशाब आने की समस्या हो सकती है।

इन बातों का रखें ध्यान:-

सबसे बड़ी बात बच्चों और अधिक उम्र के बुजुर्गों को इसका सेवन कभी भी न करने दें। कैफीन का सेवन इन दोनों तबकों के लिए किसी भी दृष्टि से सही नहीं है।

कॉफी का कभी भी खाली पेट सेवन न करें, साथ ही कुछ न कुछ साथ में नमकीन बिस्किट जैसा लें।

घरेलू उपचार

बदलते मौसम में रहें सावधान

प्रकृति के नियमानुसार जब भी मौसम बदलता है, अनेक तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। जैसे-बारिश में भीग गए तो नजला, जुकाम हो सकता है। नजला, जुकाम किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन बदलते मौसम में ऐसा ज्यादा होता है। इन दिनों अचानक गर्मी तो कभी मौसम में ठंडापन आ जाता है। ऐसे में कमजोर इम्यूनिटी वालों को नजला, जुकाम बहुत आसानी से हो जाता है। असावधानी बरतते ही कभी बलगम वाली खांसी, कभी सूखी खांसी, कभी नाक बंद तो कभी नाक से पानी निकलना आदि परेशानियों से लोग ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में दूसरों के बताए उपचार करने के बजाय परीक्षित घरेलू नुस्खे अपनाने में ही समझदारी होती है। किसी के बताए किसी भी उपचार को आजमाने से आपको स्वास्थ्य को लेकर दूसरी परेशानियों पैदा हो सकती हैं। यहां हम बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से खुद के बचाव के लिए कुछ परीक्षित नुस्खे बता रहे हैं।

- बारिश में अगर भीग जाएं तो कपड़े बदलने के साथ ही बालों को सूखे तौलिए से खूब रगड़ कर बालों को पोंछ लें, बालों का गीला रहना परेशानी का कारण बन सकता है। कपड़े बदलने के बाद संभव हो तो अदरक वाली चाय, लेना लाभदायक है। रात को सोते समय देशी घी को हथेली पर रगड़ कर अंगुली से दोनों नाक के अंदर लगाएं।
- नाक बंद हो तो उबलते पानी में बाम या नीलगिरी तेल की पांच बूंद डालकर उसकी भाप सूंघें। ध्यान रखें पानी त्वचा पर छलक न जाए। भाप लेना शुरू करने से पहले पंखा बंद कर दें। चादर या कंबल ओढ़कर ही भाप लें। पानी से निकलने वाली भाप को नाक से खींच कर मुंह से छोड़नी है और मुंह से खींच कर नाक से छोड़नी है। यह क्रिया लगभग दस मिनट करें।
- जुकाम होने पर गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पावडर डालकर पीकर सो जाएं। मंजन करते समय एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच नमक और आधा चम्मच हल्दी डालकर गरारे करना लाभकारी होता है।
- यह ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि नजला, जुकाम लंबे समय तक न बना रहे। यदि यह अधिक पुराना हो गया तो मुसीबत का कारण बन सकता है। ऐसे में आयुर्वेदिक औषधि चित्रक हरितकी एक चम्मच सबेरे-शाम खाली पेट गर्म पानी या चाय से लेना लाभकारी है। आराम लगे तो ठीक है, नहीं तो अपने चिकित्सक से परामर्श करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्य जी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

प्रस्तुति : वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'